
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -69 रायपुर मंगलवार 5 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25

शिवरात्रि पर 36 घंटों के लिए खुला रहेगा काशी विश्वनाथ मंदिर



वित मंत्री निर्मला सीतारमण का बिहार दौरा कल

पीएम ने तेलंगाना से विपक्षी पार्टी के परिवारवाद की नीति पर किया कड़ा प्रहार

## भाजपा ने दिया नया नारा 'मैं हूं मोदी का परिवार'

**एजेंसी।**

मैं हूं मोदी का परिवार, पीएम ने तेलंगाना से विपक्षी पार्टी के परिवारवाद की नीति पर किया कड़ा प्रहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार (4 मार्च) से नौ दिनों के लिए भारत दर्शन पर निकले हैं. इस दौरान वो 12 मार्च तक कम से कम 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे. इसके मदद से वो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी की उपलब्धियों को गिनाने का भी काम करेंगे. इसी बीच उनका पहला पड़ाव तेलंगाना था. इसके लिए वो आज सुबह पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने आदिलाबाद का दौरा किया जहां उन्होंने 56,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया.



सोशल मीडिया पर मोदी का परिवार अभियान शुरू

इस दौरान उन्होंने मैं हूं मोदी का परिवार हूं का नारा लगाया और देश भर के विपक्षी पार्टियों पर परिवारवाद की नीति पर कड़ा प्रहार किया. पीएम मोदी ने आदिलाबाद में सभा को संबोधित करते अबकी बार, 400 पार की भावना दोहराई. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का समर्पण एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए है. उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा कोई चुनावी सभा नहीं है, बल्कि यह विकास उत्सव का जश्न है. प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना घर एक सपने के साथ छोड़ा था. वो अपने जीवन को हर पल समर्पित करने के लिए तैयार है.

**मैं अपने लिए कोई सपना नहीं देखूंगा-पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने आदिलाबाद में सभा में कहा कि मैं इस प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा हूं कि मैं अपने लिए कोई सपना नहीं देखूंगा. बल्कि आपके सपने ही मेरा संकल्प होंगे. उन्होंने कहा कि मैं आपके सपने पूरे करने के लिए और आपके बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए अपनी जिंदगी खपा दूंगा।

## असम सरकार ने झाड़-फूंक से इलाज को गैर जमानती अपराध बनाने का बिल कराया पास

### ईसाई संगठन ने जताया विरोध

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

असम की हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार ने विधानसभा में नया बिल पास कराया है। इस बिल का नाम असम हीलिंग (प्रिवेंशन ऑफएविल) प्रैक्टिसेज है। इस बिल के कानून बनने के बाद असम में कोई भी जादू-टोना या झाड़-फूंक से इलाज नहीं कर सकेगा। इस बिल के पास होने पर ईसाई समुदाय के संगठन ने विरोध जताया है। असम हीलिंग (प्रिवेंशन ऑफ एविल) प्रैक्टिसेज बिल में कहा गया है कि इससे मासूम लोगों का शोषण करने के लिए अपनाए जाने वाले गैर वैज्ञानिक प्रैक्टिस को अपराध घोषित किया जाता है। ये बिल विज्ञान आधारित इलाज को बढ़ावा देने की बात करता है। इस बिल के जरिए ऐसे विज्ञापनों पर भी रोक लगाई गई है, जो धार्मिक तरीकों से इलाज की बात करते हैं। मैजिकल हीलिंग यानी झाड़-फूंक को गैर जमानती अपराध बनाया गया है। पहली बार अपराध करते पकड़े जाने पर 1 से 3 साल की सजा और 50000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं,



दूसरी बार अपराध करने पर दोषी को 5 साल की सजा मिलेगी और 100000 रुपए जुर्माना देना होगा। बिल के पास होने के बाद सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इसका उद्देश्य धार्मिक प्रचार और प्रसार को भी रोकना है। उनका कहना है कि जादुई तरीके से बीमारी का इलाज आदिवासियों के धर्मांतरण में भी इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, असम हीलिंग (प्रिवेंशन ऑफ एविल) प्रैक्टिसेज बिल के खिलाफ असम क्रिश्चियन फोरम ने बयान जारी किया है। ईसाइयों के इस संगठन का दावा है कि उनके यहां मैजिकल हीलिंग नाम का कोई शब्द है ही नहीं। ईसाइयों के संगठन ने कहा है कि उनके यहां प्रार्थना के जरिए इलाज किया जाता है। उसने दलील दी है कि दुनियाभर में दूसरे धर्मों में भी इलाज के लिए प्रार्थना होती है। ईसाइयों के संगठन असम क्रिश्चियन फोरम के मुताबिक अगर कोई बीमार आता है, तो उसके लिए व्यक्तिगत या सामूहिक तौर पर प्रार्थना होती है।

## रक्षा मंत्री प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत बुनियादी ढांचे और आवश्यक आवासीय सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे

**एजेंसी।** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 05 मार्च 2024 को नौसेना बेस कारवार में दो प्रमुख तटबंधों और नौसेना के अधिकारियों व रक्षा क्षेत्र के असैन्य कर्मियों के लिए 320 निवास गृहों तथा अधिकारियों के 149 एकल आवास वाले सात आवासीय भवनों का उद्घाटन करेंगे। प्रोजेक्ट सीबर्ड के पहले चरण को 10 जहाजों को समायोजित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था और इसे साल 2011 में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया था। इसके बुनियादी ढांचे में एक ब्रेकवॉटर, 10 जहाजों को खड़ा करने में सक्षम एक तटबंध, 10,000 टन का जहाज लिफ्ट और ड्राई बर्थ, नौसेना के जहाजों के लिए एक मरम्मत यार्ड, लॉजिस्टिक्स एवं हथियार भंडारण सुविधाएं।

## मुहब्बत की दुकान से जहरभरे सामान सामने आ रहे

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

### देश की 140 करोड़ जनता कह रही है 'हम हैं मोदी का परिवार : भाजपा

**नई दिल्ली** , भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा की इंडी गठबंधन के नेताओं के द्वारा खासकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी से भागने पर घेरा और उनपर जांच में सहयोग न करने का आरोप भी लगाया। देश में प्रयोगात्मक और जातिगत राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं, आज का समय



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकासात्मक राजनीति का है। त्रिवेदी ने लालू प्रसाद यादव द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान की भर्त्सना करते हुए कहा कि ज्यों-ज्यों देश लोकसभा चुनाव की ओर आगे बढ़ रहा है, त्यों-त्यों बेचैन और परेशान विपक्ष की तथाकथित मुहब्बत की दुकान से जहरभरे सामान निकल कर सामने आ रहे हैं। विगत 18 वर्षों के लंबे समय से पूरे देश ने देखा है कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति ईर्ष्या, द्वेष, ग्लानि, पराजय की कुंठा और हीन भावना से ग्रस्त होकर जिस प्रकार के ओछे स्तर के नितांत व्यक्तिगत बयान दिए हैं, उनकी भारतीय राजनीति में आज तक कोई मिसाल नहीं है। देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह निम्न स्तर की भाषा का प्रयोग करना दुखदः और कष्टकारक है। त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 10 घंटे का भी अवकाश नहीं लिया है और आए दिन छुट्टी मनाने विदेश जाने वाले लोग आज प्रधानमंत्री जी को शिक्षा दे रहे हैं। त्रिवेदी ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सूप बोले तो बोले, छलनी भी बोले, जिसमें सौ छेद।

जो लोग सनातन धर्म के समूल नाश के विषय पर कॉन्फ्रें स आयोजित करते हैं, उत्तर भारत में हिंदू धर्म को धोखा बताते हैं, जिनकी सरकार के शिक्षा मंत्री हिंदू धर्म को पोटेशियम साइनाइड यानि जहर बताते हैं और जो लोग रामचरित मानस और हिंदू धर्मग्रंथों के बारे में अनाप शनाप और अंत्यंत निंदनीय बयानबाजी करते हैं, अब वो लोग हिंदू होने के प्रमाण पत्र बांटने लगे हैं।

टिप्पणी करने से पहले सोच लेना चाहिए थे अंजाम'..

## सनातन विरोधी बयानों पर राहत के लिए SC पहुंचे स्टालिन को कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने बीते साल सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करके विवाद खड़ा कर दिया था। इसके चलते उनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में कई मामले दर्ज किए गए। इन सभी मामलों के एकीकरण की मांग करते हुए, उदयनिधि ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां उन्हें फटकार का सामना करना पड़ा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने टिप्पणी की, ÷आपने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग किया है और अब आप सुप्रीम कोर्ट से



राहत मांग रहे हैं। आप कोई आम आदमी नहीं, आप एक राजनेता हैं. आपको पता होना चाहिए था कि ऐसी टिप्पणी का परिणाम क्या होगा।÷ जवाब में, उदयनिधि के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वह दायर मामलों के तथ्यों पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी इसी मामले से संबंधित मामलों को समेकित किया है। स्टालिन का प्रतिनिधित्व कर रहे सिंघवी ने उल्लेख किया कि कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार और जम्मू में मामले दर्ज किए गए हैं। कोर्ट ने फिलहाल सुनवाई अगले हफ्ते तक के लिए टाल दी है।

## सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका, 15 जून तक कार्यालय खाली करने के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को अपना कार्यालय परिसर खाली करने का आदेश दिया है। हालाँकि, अदालत ने आगामी चुनावों के कारण 15 जून तक की मोहलत दी है। आप के खिलाफ शिकायत थी कि उनका कार्यालय राउज एवेन्यू कोर्ट को आवंटित जमीन पर बनाया गया था। इस मामले में हाई कोर्ट ने भी कड़ी नाराजगी जताई थी और आम आदमी पार्टी को कार्यालय परिसर खाली करने का निर्देश दिया था। इस फैसले को आप ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने दफ्तर खाली करने का आदेश दिया है, साथ ही कहा है कि AAP नए दफ्तर के लिए सरकार से आवेदन कर सकती है।

## आदित्य L-1 के लॉन्च के दौरान कैंसर के बारे में पता चला, फिर भी मिशन पर नहीं पड़ने दिया फर्क

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

कहते हैं कि जिनके मन में जोश, जूनून और जज्बा होता है, समस्याएं उनके आगे बौनी हो जाती हैं। कुछ ऐसा ही करके दिखाया है ISRO चीफ एस सोमनाथ ने। भारत के सौर मिशन आदित्य एल-1 के लॉन्च के दिन, सोमनाथ को कैंसर का पता चला, जो एक जानलेवा बीमारी है। हालांकि, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और तुरंत अपना इलाज शुरू कराया। टरमैक मीडिया हाउस को दिए एक इंटरव्यू में सोमनाथ ने अपनी बीमारी के बारे में खुलासा किया। उन्होंने उल्लेख किया कि चंद्रयान -2 मिशन लॉन्च के दौरान, उन्हें कुछ स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव हुआ, हालांकि उस समय उनकी स्थिति की सटीक प्रकृति स्पष्ट नहीं थी। बाद में, आदित्य एल-1 मिशन लॉन्च के दिन, उन्हें कैंसर के



बढ़ने के बारे में बताया गया। यह खबर न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवार और सहकर्मियों के लिए भी सदमे की तरह थी, जो चुनौतीपूर्ण समय में उनके साथ थे। सोमनाथ ने बताया कि 2 सितंबर, 2023 को, भारत के पहले सौर मिशन आदित्य एल-1 के लॉन्च के दिन, वह नियमित जांच के लिए गए थे, जिसके दौरान उनके पेट में कैंसर का पता चला था। इसके बाद, उन्होंने आगे के परीक्षणों के लिए चेन्नई की यात्रा की, जिससे निदान की पुष्टि हुई। कैंसर के इलाज के लिए उनकी कीमोथेरेपी और सर्जरी की गई।

## सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना प्राधिकरणों का उद्देश्य : मुख्यमंत्री योगी

**लोकशक्ति।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देशः- विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना



चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा।

नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें। सहारनपुर 'देवभूमि का प्रवेश द्वार' है। विगत 06-07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक- व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं। सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है उससे यह स्थान बहुत दूर न हो। लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित की जाए। आमजन के लिए प्राधिकरण द्वारा नई आवासीय परियोजना की कार्ययोजना तैयार की जाए। मीरजापुर में माँ विंध्यवासिनी के पावन धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज और राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें।

## चंडीगढ़ में सीनियर डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा ने मारी बाजी, आप पार्टी के कैंडिडेट की हुई हार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले के बाद आज सोमवार को चंडीगढ़ में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुए। इस चुनाव से आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा, जब भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कुलजीत सिंह संधू चंडीगढ़ के वरिष्ठ उप महापौर के रूप में विजयी हुए। गौरतलब है कि चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गया था, जो सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने AAP उम्मीदवार को विजेता घोषित कर दिया। चंडीगढ़ डिप्टी मेयर चुनाव में कुल 36 पार्षदों ने वोट डाले. भाजपा उम्मीदवार कुलजीत सिंह संधू को 19 वोट मिले, जबकि कांग्रेस-आप गठबंधन उम्मीदवार को 16 वोट मिले। साथ ही एक वोट अवैध माना गया। नतीजतन,



कुलजीत सिंह संधू को चंडीगढ़ नगर निगम का सीनियर डिप्टी मेयर नियुक्त किया गया है। मेयर पद को लेकर चल रहे विवाद को लेकर 30 जनवरी को चंडीगढ़ में चुनाव हुआ था, जिसमें बीजेपी के मनोज सोनकर विजयी हुए थे। सोनकर को 16 वोट मिले, जबकि कुलदीप कुमार को 12 वोट मिले। हालांकि, आठ वोट अवैध घोषित किये गये. चुनाव के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उनके पक्ष में फैसला आया।

## DMK सरकार को जनता के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं : मोदी

**एजेंसी।** तमिलनाडु के कलपक्कम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के प्रति मेरा लगाव बहुत पहले से है. मुझसे आपका प्रेम बहुत पुराना है, लेकिन इधर कुछ वर्षों से मैं जब भी तमिलनाडु आता हूं तो कुछ लोगों के पेट में दर्द होने लगता है, इन्हें इस बात से तकलीफहोती है कि भाजपा का जनाधार लगातार यहां बढ़ रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि DMK सरकार ने चेन्नई के लोगों की जरूरतों, आपके सपनों से मुंह फेर रखा है. अभी कुछ समय पहले इतना बड़ा चक्रवात आया लेकिन DMK सरकार ने मदद करने की जगह लोगों की मुश्किलों को और ज्यादा बढ़ाने



का काम किया. DMK के लोग संकट के समय संकट प्रबंधन नहीं करते बल्कि मीडिया प्रबंधन करते हैं...इसी से पता चलता है कि ष्ठरूद्म सरकार को जनता के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं है.

मोदी ने कहा कि जिसका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है. मेरा भारत-मेरा परिवार! इसलिए आज पूरा देश एक सुर में कह रहा है- मैं हूं... मोदी का परिवार! सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद इंडी अलायंस में मातम छाया हुआ है. क्योंकि इंडी अलायंस को रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और देश की व्यवस्थाओं को करप्ट करने के अलावा और कुछ आता ही नहीं है. कांग्रेस, DMK और इंडी गठबंधन से जुड़ी पार्टियां भ्रष्टाचार और परिवारवादी पार्टियां हैं. इनके लिए अपना परिवार ही सब कुछ है, भ्रष्टाचार ही सब कुछ है. इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं को संरक्षण देने वाले एक फैसले को आज सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है. मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस, DMK और INDI गठबंधन से जुड़ी पार्टियां भ्रष्टाचार और परिवारवाद में डूबी हुई हैं... INDI गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं को संरक्षण देने वाले एक फैसले को आज सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है, मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं. इस फैसले के बाद INDI गठबंधन में मातम छाया हुआ है... INDI गठबंधन को रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के अलावा न तो कुछ करना आता है, न करने का इरादा है और न ही वे अपने परिवार के बाहर सोच सकते हैं...÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷परिवारवाद का एक स्वभाव है, परिवारवादी पार्टियों का परिश्रम से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं होता इसलिए परिवारवाद अपने साथ अहंकार लेकर आता है. जब कोई परिवारवादी सरकार में अहम पद पर आ जाता है तो उसे लगता है कि देश और देश की जनता उसकी गुलाम है... आज हमने देखा कि कैसे सुप्रीम कोर्ट ने DMK परिवार के एक मंत्री से सख्त सवाल किए हैं. करोड़ो लोगों की आस्था का घोर अपमान करना भी परिवारवादियों की पहचान है...

भारत की जीडीपी ग्रोथ का मूडीज ने अनुमान बढ़ाया, एजेंसी ने कहा-

## जी-20 इकोनॉमीज में सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी

**एजेंसी।** नई दिल्ली. ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मजबूत इकोनॉमिक डेटा के आधार पर 2024 कैलेंडर ईयर के लिए भारत की ग्रॉस डोमेस्टिक यानी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर अब 6.8 प्रतिशत कर दिया है. मूडीज ने पहले यह अनुमान 6.1 प्रतिशत बताया था. मूडीज का यह अनुमान तब आया है, जब भारत ने दिसंबर तिमाही में अपनी जीडीपी ग्रोथ रेट 8.4 प्रतिशत दर्ज की है.

2025 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.4 प्रतिशत - भारत के लिए मूडीज का यह अपग्रेड 2023 के उम्मीद से ज्यादा मजबूत इकोनॉमिक डेटा के आधार पर आया है. वहीं दिसंबर तिमाही के आंकड़े आने



के बाद बार्कलेज ने 2023-24 के लिए भारत के अपने पूर्वानुमान को 110 बेसिस पॉइंट्स बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत कर दिया है. मूडीज ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.4 प्रतिशत बताया है.

जी-20 इकोनॉमीज में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था - मूडीज ने 2024 के लिए अपने ग्लोबल मैक्रो इकोनॉमिक आउटलुक में कहा, भारत की इकोनॉमी ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से ज्यादा मजबूत डेटा के कारण हमें अपना 2024 का ग्रोथ एस्टीमेट 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत करना पड़ा है. जी-20 इकोनॉमी में भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने की संभावना है. मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि सरकार के कैपिटल एक्सपेंडिचर और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी ने 2023 में मजबूत ग्रोथ आउटकम्स को सपोर्ट किया है. ग्लोबल इकोनॉमी के फीके पडने के साथ ही भारतीय इकोनॉमी को आराम से 6-7 प्रतिशत रियल जीडीपी ग्रोथ दर्ज करनी चाहिए.

## संक्षिप्त समाचार

### 2 मार्च को केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध

(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार 2 मार्च को केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों बढ़ती महंगाई के खिलाफहटरी बाजार चाम्पा में नगर के कांग्रेजनो ने जमकर विरोध किया व केंद्र सरकार हाय हाय, मोदी सरकार इस्तीफा दो, बहोत हुई महंगाई की मार, होश में आओ मोदी सरकार, के नारों के साथ भारी आक्रोश कांग्रेसजनो के साथ आम जनता में भी दिखा और और हटरी बाजार में खरीदारों ने भी अपना विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से नगर कांग्रेस कमेटी के कार्य. अध्यक्ष सुनील साधवानी, नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, वरिष्ठ कांग्रेसी उपकार सिंग ढिल्लो, हरदयाल तंवर, समद बेग, अनिल मोदी, पार्षद जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, डुग्गु प्रधान, एल्डरमैन अनिल गुप्ता, शिवशंकर निषाद, श्यामलाल देवांगन, विष्णु गाड़ा, जीवन बंजारे, संजय साधवानी, जफर अंसारी, राम साधवानी, सुमित चौहान इतवारी यादव, मुकेश साधवानी, तिहारुराम, तेरस यादव, गुड्डू पटेल, बसंत भार्गव, छबिलाल पटेल, वीरू कश्यप, देवलाल, अर्जुन मार्कण्डेय, खिकदास साहू सहित हरी बाजार में कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन कार्य अध्यक्ष सुनील साधवानी ने लहसुन की माला पहनकर किया व आभार अनिल मोदी ने किया।

### बसपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

सक्ती , 04 मार्च (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी जिला ईकाई सक्ती के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 28 फरवरी को जिला मुख्यालय सक्ती में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनीष आनन्द केन्द्रीय कोआर्डिनेशन एवं प्रदेश प्रभारी छग, विशिष्ट अतिथि श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष छग, लालसाय खुंटे पूर्व विधायक मालखरौदा, रोहित डहरिया जिलाध्यक्ष, मनहरणलाल मनहर जिला प्रभारी, आर बंजारे जिलाध्यक्ष, भगवान दास किशोर, बी. आर. खूंटे, जयनारायण किशोर, भागवत जायसवाल, खीकराम बरेठ, रामकुमार चंद्रा, संजीव भारद्वाज, रामकुमार कुर्रे, विधानसभा अध्यक्ष, फेकुराम बर्मन विधानसभा अध्यक्ष, अरुण महिलांगे विधानसभा अध्यक्ष, टी. आर. बर्मन, श्यामलाल जांगड़े, परदेश पलांगे, घनश्याम कुर्रे, श्री गौतम, अर्जुन बौद्ध, प्रदुमन लहरे, प्रमोद लहरे, श्री यादव, सुरज महिलांगे, बसंत खांडे, राजेश बंजारे, सुखसागर, सोनाऊ कुर्रे, सतपाल चतुर्रे, प्रशांत भारती सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। पहली बार प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया और कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह देखा गया।

### पुलिस कप्तान ने थानों में की सर्जरी, 4 थाना, 2 चौकी प्रभारी बदले

**जांजगीर-चांपा,।** पुलिस कप्तान ने थाना में सर्जरी करते हुये 4 थाना प्रभारी एवं 2 चौकी प्रभारियों को फेरबदल किया गया है। जांजगीर के सिटी कोतवाली से लेकर मलमला पामगढ़. बलौदा, चौकी नैला व पंतोरा के प्रभारी को बदला है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार शुक्रवार 1 मार्च को जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी को सायबर प्रभारी से सिटी कोतवाली बनाया है, निरीक्षक अशोक कुमार वैष्णव को जांजगीर से थाना मलमला बनाया गया था.शनिवार 2 मार्च को संशोधित सूची में उन्हें बलौदा थाने का प्रभार दिया गया। इसी अनुसार उपनिरीक्षक कमलदास बनर्जी को थाना प्रभारी मुलमुला से थाना चांपा उपनिरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा को थाना प्रभारी बलौदा से थाना प्रभारी पामगढ़ बनाया है, उपनिरीक्षक विनोद कमार जाटवर को थाना चांपा से थाना प्रभारी मुलमुला, उपनिरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी को थाना प्रभारी पामगढ़ से थाना चांपा, उपनिरीक्षक भागवत प्रसाद डहरिया को चौकी प्रभारी पंतोरा से चौकी प्रभारी नैला, सहायक उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी पंतोरा बनाया गया है। थाना प्रभारियों की फेरबदल करने से पुलिसिंग व्यवस्था सुदृढ़ एवं मजबूत होगी। साथ ही बेसिक पलिसिंग अच्छी होगी ।

# सीएम साय ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगतगुरू स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगतगुरू स्वामी सदानंद सरस्वती के किए दर्शन

**0 आशीर्वाद लेने बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री**

रायपुर, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज सुबह राजधानी रायपुर के बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचकर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी तथा शारदा पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। स्वामी जी राजिम कुंभ के संत समागम में भाग लेने छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए हैं। इसके अलावा वे प्रदेश में होने वाले अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी को राजिम कुंभ आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया जा रहा है। देश भर से यहां संत समागम हुआ है। छत्तीसगढ़ के लोग बड़े भाग्यशाली हैं कि उन्हें आपका आशीर्वाद इस मौके पर मिला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वामी जी से कहा कि राजिम कुंभ के माध्यम से संत समागम का उद्देश्य पूरा हो रहा है जिससे सनातन परंपरा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी। शंकराचार्य जी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए जिस तरह से राजिम कुंभ में तैयारी की गई है और संत समागम हुआ है उससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में आध्यात्मिक वातावरण और उन्नत होगा। भगवान श्री राजीव लोचन जी और कुलेश्वर महादेव जी की पुण्य भूमि संगम नगरी राजिम में यह सुंदर आयोजन हो रहा है इससे निश्चित रूप से श्रद्धालुओं के लिए उत्साहपूर्ण वातावरण बना है। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी मौजूद रहे।

**धर्मस्व मंत्री अग्रवाल ने विगत रात्रि राजिम कुंभ मेला स्थल का किया औचक निरीक्षण**

रायपुर, 04 मार्च (आरएनएस)। धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार की देर रात्रि राजिम कुंभ मेला स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आज जानकी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के राजिम आगमन के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी जगहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री श्री अग्रवाल ने मेला स्थल में निर्मित संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, वीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल एवं लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने दंडी स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्य मंच से लेजर एवं लाइट शो का अवलोकन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य मंच एवं गंगा आरती स्थल में जानकी जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के सुचारू संचालन की जरूरी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू, मेला सुरक्षा अधिकारी आईपीएस श्री भोजराम पटेल, उप संचालक पर्यटन विभाग श्री प्रताप पारख एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



धर्मस्व मंत्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ मेला स्थल का किया औचक निरीक्षण

**राजिम, (आरएनएस)।** धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार की देर रात्रि राजिम कुंभ मेला स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आज जानकी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजिम आगमन के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी जगहों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री श्री अग्रवाल ने मेला स्थल में निर्मित संत समागम क्षेत्र, दंडी स्वामी आवास, वीआईपी भोजनालय, महानदी आरती स्थल एवं लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी किया अवलोकन। इस दौरान उन्होंने दंडी स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्य मंच से लेजर एवं लाइट शो का अवलोकन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य मंच एवं गंगा आरती स्थल में जानकी जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की सुचारू संचालन की जरूरी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, मेला सुरक्षा अधिकारी आईपीएस भोजराम पटेल, उप संचालक पर्यटन विभाग प्रताप पारख एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### देखते ही बनती है भगवान राजीव लोचन मंदिर की भव्यता

राजिम, छत्तीसगढ़ के प्रयागराज धर्म नगरी राजिम की पहचान भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर प्रचीन भारतीय सभ्यता का जीता जागता प्रमाण है, इसकी भव्यता देखते ही बनती है। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रख्यात राजिम की ख्याती राजीव लोचन मंदिर व यहां विराजे भगवान विष्णु के साथ जुड़ी है। वहीं नदी के दूसरी ओर कुलेश्वर महादेव का मंदिर इस प्राचीन नगरी को अदभुत बनाती है। राजिम का राजीव लोचन मंदिर आठवीं शताब्दी का है। इसके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला आयोजित किया जाता है।

धर्म नगरी राजिम का प्राचीन नाम कमल क्षेत्र है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरम्भ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर स्थित था और ब्रह्मा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना की थी। इसीलिए इसका नाम कमलक्षेत्र पड़ा। राजिम में महानदी, पैरी नदी तथा सोढ़ूर नदी का संगम होने के कारण यह स्थान छत्तीसगढ़ का त्रिवेणी संगम कहलाता है। संगम के मध्य में कुलेश्वर महादेव का विशाल मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि वनवास काल में श्री राम ने इस स्थान पर अपने कुलदेवता महादेव की पूजा की थी।

ड्रोन कैमरे में दिखी नगर की भव्यता राजिम नगरी की भव्यता को ड्रोन कैमरे की नजर से देखने का प्रयास किया गया। इस दौरान धर्म नगरी की भव्यता देखते ही बनती है। आसमान की ऊंचाई से राजीव लोचन मंदिर से लेकर महानदी व पूरा नगर एक खास स्वरूप में नजर आया।

# 2 करोड़ 62 लाख की सौगात दी उद्योग मंत्री ने

**हड़ताल पर बैठे एनटीपीसी भू-विस्थापित और उनके परिवारों ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार का लिया निर्णय**

कोरबा, । कोरबा जिले में स्थापित एनटीपीसी-कोरबा के खिलाफ आम सूचना के अनुसार नौकरी तथा अधिग्रहण के समय, बचे हुए जमीन की मुआवजा व क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर 22 अप्रैल 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ग्राम चारपारा के 03 भू-विस्थापित विनय कुमार कैवर्त, रामकृष्ण केवट, राकेश कुमार केवट अपने परिवार के सदस्यों के साथ तानसेन चौक कोरबा में बैठे हुए 316 दिन अर्थात 10 माह से अधिक हो रहे हैं।



26 फरवरी को जिला प्रशासन द्वारा बैठक रखी गई जिसमें मांग को लेकर निराकरण के लिए त्रिपक्षीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, अपर कलेक्टर कटघोरा की अध्यक्षता में एनटीपीसी कोरबा और भूविस्थापितो के बीच की गई। आरोप हैं की एनटीपीसी-कोरबा द्वारा भू-विस्थापितों को नौकरी न देने व बचे हुए जमीन के संबंध के गुमराह किया जा रहा हैं, जिसका जवाब भू-विस्थापितो द्वारा जानकारी दस्तावेज के आधार पर दिया जा चुका है, फिर पिछले 9 माह से जमीन और नौकरी देने संबंधित दस्तावेज की जांच चल रही है, निराकरण कब होगा पता नहीं है। आने वाले समय में लोकसभा चुनाव होने वाला है जिसमें आगे आचार संहिता लगेंगी, आचार संहिता के नाम से निराकरण नहीं हो पायेगा। इसलिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए भू-विस्थापितो व उनके परिवार के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव के पहले मांग का निराकरण नहीं होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगें जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन व एनटीपीसी कोरबा की होगी। मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

**भाजपा प्रत्याशी का कटघोरा चौक में हुआ स्वागत**

कोरबा, 04 मार्च (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों की पहली सूची में कोरबा लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे का भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद प्रथम कटघोरा आगमन हुआ

### सरोज पाण्डेय ने कोरबा में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



कारबा, 04 माच (आरएनएस)। भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पाण्डेय प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार कोरबा पहुंचीं। जिले में प्रवेश करने के साथ ही जगह-जगह उनका स्वागत पार्टी पदाधिकारियों द्वारा किया गया।टीपी नगर में भाजपा के कोरबा लोकसभा के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में उन्होंने पदाधिकारियों से मुलाकात कर चर्चा की। यहां भी सरोज पाण्डेय का स्वागत करने के लिए पदाधिकारी और भाजपा के विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सरोज पाण्डेय ने इस दौरान पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व ने मुझे कोरबा लोकसभा की जिम्मेदारी सौंपी है जिसे पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर पूरा किया जाएगा और एकजुटता के साथ हम चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि यहां से मैं चुनाव नहीं लड़ रही बल्कि आप ही चुनाव लड़ रहे हैं। मैं अब कोरबा से वापस नहीं जाने वाली। कोरबा लोकसभा में पिछले 5 वर्षों में विकास कार्य देखने को नहीं मिला। जो भी विकास कार्य हुए हैं वो सब प्रधानमंत्री के कारण हुआ है।सरोज पाण्डेय ने कहा कि सामने वाले कमजोर नहीं, वे रणनीति से लड़ते हैं। सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री देश और विकास के लिए इतना कार्य करते हैं कि वे 3 घंटे भी सो नहीं पाते।सरोज पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। वर्तमान में कांग्रेस की सांसद मैदान में ही नहीं हैं। कोरबा लोकसभा की पालक सांसद होने के नाते वे आने वाले समय में सभी मुद्दों और विषयों पर प्राथमिकता से कार्य करेंगी। सरोज का भव्य स्वागत पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं कोरबा प्रत्याशी का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व विधायक रामदयाल उइके, अशोक चावलानी, जोगेश लाम्बा,गोपाल मोदी, श्यामलाल मरावी, अशोक मोदी, नरेन्द्र देवांगन, जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन, बलराम विश्वकर्मा, रितु चैरसिया आदि ने स्वागत किया।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, मंजू सिंह, संजू देवी राजपूत, रूकमणी नायर, उमा भारती सराफ आदि के द्वारा भी सरोज पाण्डेय का स्वागत किया गया।

### अपर्याप्त वेतन को लेकर नाराज रूंगटा के चालकों ने काम किया बाधित, कंपनी की बढ़ी परेशानी

**कोरबा ।** श्रम कानूनों का उल्लंघन करने को लेकर कोरबा जिले में लगातार मामले आ रहे है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के गेवरा माईंस में निजी कंपनी रूंगटा प्राईवेट लिमिटेड के वाहन चालक इस बात से खफा है कि उन्हें अपर्याप्त वेतन देकर काम लिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दें को लेकर हाथ खड़े कर दिए। कामकाज बाधित होने से कंपनी की परेशानी बढ़ी हुई है। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में ओवर बर्डन के साथ-साथ उत्पादन संबंधित कई कामकाज के लिए आउट सोर्सिंग का सहारा लिया गया है। ऐसे कार्यो पर कंपनी करोड़ों खर्च कर रही है।उसकी मानसिकता है कि निजी क्षेत्र के जरिए काम कराने से नतीजे ज्यादा अच्छे आते है। लेकिन इसके पीछे के खेल के बारे में सही जानकारी या तो ठेका कंपनी को होती है या तो उसमें काम करने वाले लोगों को । सूत्रों ने बताया कि गेवरा क्षेत्र में उत्तर भारत से वास्ता रखने वाली रूंगटा कंपनी को ऐसे की कार्यो की जिम्मेदारी दी गई है। उसनें अपने कार्यो को अंजाम देने के लिए भारी वाहन चालकों को नियोजित किया है। रोजगार देने के समय जो अनुबंध किया गया था, उसकी तुलना में चालकों को वेतन कम दिया जा रहा है। जबकि इसके मुकाबले काम के घंटे ज्यादा हैं। बताया गया कि इसे लेकर काफी समय से नाराजगी थी जो अब उग्र हो गई है। आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए कंपनी के चालकों ने आज हाथ खड़े कर दिए और वाहनों को रोक दिया। इस चक्कर में कामकाज बाधित हो गया। मामले की जानकारी होने से कंपनी के कर्ताधर्ताओं के हाथ पैर फूल गए । बताया जा रहा है कि स्थिति को सामान्य करने के लिए शुरूआती कोशिश की जा रही है। प्रदर्शन कर रहे चालकों का कहना है कि कंपनी एसईसीएल से भरपूर फंड ले रही है इसलिए वे इसी हिसाब से वेतन पाने के हकदार है। अधिकतक औद्योगिक इकाईयों की स्थापना होने से दूसरे क्षेत्रों के मुकाबले कोरबा जिले में लोगों के पास रोजगार के ज्यादा अवसर हैं।

**पीईटी एवं पीएमटी कोचिंग केन्द्र कारली एवं बालूद में कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा**

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले में संचालित पीईटी एवं पीएमटी कोचिंग केन्द्र कारली एवं बालूद कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में संचालित परीक्षा केन्द्र 'छू लो आसमान' कन्या आवासीय परिसर कारली एवं बालक आवासीय परिसर बालूद में 22 मार्च 2024 को कराया जावेगा। उक्त संबंध में समस्त प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला प्राचार्य हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वर्ष 2023-24 में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्र,छात्राओं से आवेदन फार्म भरवा कर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें। जिले के चारो विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय एवं छूलो आसमान कारली एवं बालूद में परीक्षा फार्म उपलब्ध है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2024 समय 5 बजे तक कारली एवं बालूद में जमा कर प्रवेश पत्र प्राप्त करे।

# मृतकारित करने वाले 10 चक्का वाहन की तलाश

कोरबा, सडक दुर्घटना में डंडातराई मोड़ घाट में एक व्यक्ति को 10चक्का वाहन के चपेट में लेने के बाद मृतकारित होने के मामले में बांगो पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी के विरूद्ध धारा 304 ए भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम लाटा थाना दर्री निवासी जीवन मिश्रा उम्र 42 पिता नागेश्वर मिश्रा को 2 एवं 3 मार्च की दरम्यानी रात्रि अज्ञात 10 चक्का वाहन ने रौंद दिया था। जिससे कि इस दुर्घटना में जीवन मिश्रा की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर बांगो टीआई के.के.वर्मा ने विवेचना के दौरान प्रार्थी अवधेश यादव उम्र 23 पिता श्यामलाल यादव निवासी एनटीपीसी गेट इंदिरा नगर दर्री की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 59/24 धारा 279, 337, 304ए भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया।

बांगो पुलिस सूत्रों से जानकारी के अनुसार टीआई श्री वर्मा ने मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पीएम की प्रक्रिया पूर्ण कराने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए एक ओर जहां परिजनों को सौंप दिया वहीं दूसरी ओर फरार 10चक्का वाहन के चालक की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। टीआई श्री वर्मा ने यह भी बताया कि दुर्घटना समय के वक्त आने-जाने वाले वाहनों का लोकेशन लिया जा रहा है। ठोस जानकारी मिलते ही विवेचना के दौरान आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल मामले में बांगो पुलिस द्वारा विवेचना जारी है।

**बैठक**

**0 आनंद सरोवर बघेरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्नेह मिलन एवम सम्मान समारोह..**

# अगर हर नारी अपनी शक्ति को याद रखें तो नारी शक्ति जागृत हो जाएगी

**दुग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्नेह मिलन समारोह तथा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से श्रीमती शाहाना कुरैशी (छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान राज्य स्तरीय नारी शक्ति सम्मान) नीतू श्रीवास्तव (संस्थापिका अध्यक्ष फाऊण्डेशन) श्रीमती प्रीति अजय बेहरा (सदस्य आंतरिक परिवार समिति सीमा सशस्त्र बल भिलाई) डॉक्टर कल्पना देशमुख (मिनी माता अलंकार से सम्मानित) रत्ना नारमदेव ( पूर्व एल्डरमेन व समाज सेविका) ब्रह्माकुमारी रीटा बहन संचालिका ब्रह्माकुमारीज़ दुर्ग, ब्रह्माकुमारी रुपाली बहन (वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका) इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के लिए परमात्मा शिव द्वारा सकारात्मक परिवर्तन विषय पर सभी आगंतुक अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। सर्वप्रथम ब्रह्माकुमारी रुपाली बहन आये हुए सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि अगर हर नारी अपनी शक्ति को याद रखें तो नारी शक्ति जागृत हो जाएगी और नारी सशक्त बन जायेगी। देखते हैं नारी शक्ति का इतना सम्मान है कि आज नदियों के नाम बहनों के नाम पर ही है गंगा , यमुना, कावेरी इत्यादि। भारत के नाम के साथ भी भारत माता है न कि भारत पिता किसी को आज विद्या मांगना होता है तो विद्या की देवी सरस्वती का पूजन व स्मरण करते हैं। किसी को आज धन की आवश्यकता या कमी महसूस होती है तो धन की देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं और धन की देवी लक्ष्मी से सब धन मांगते है। बच्चों को अच्छे संस्कार देने वाली भी प्रथम गुरु माता ही है इस पर आपने बहुत ही मर्म स्पर्शी सुंदर दृष्टांत दिये।पुरुष को सदाचार की प्रतिज्ञा दिलाने वाली नारी ही है।भोजन बनाते समय सकारात्मक विचार करें उसका प्रभाव स्वयं पर व परिवार पर भी सकारात्मक पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि परिस्थितियाँ हावी होने का कारण स्वयं के आन्तरिक शक्ति का कम होना है। आन्तरिक शक्ति में वृद्धि करने का सबसे अच्छा माध्यम राजयोग है जिसके द्वारा हम अपनी आन्तरिक शक्तियों में वृद्धि कर परिस्थिति पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। अंतरिक शक्ति को जागृत कर स्वयं को सशक्त कैसे बनाएं इसकी विधि को आपने राजयोग की सुंदर कामेन्ट्री द्वारा अनुभूति कराया है। शबाना कुरैशी ने कहा कि हमारे जीवन में जब सकारात्मक विचार आते है तो समझना चाहिए कि हमारे कदम अच्छी दिशा की ओर बढ़ रहें है। घर में माता-पिता अपमानजनक बात करते हैं तो उसका असर बच्चों पर पड़ता है तो हमें ध्यान रखना है अपने एक एक विचारों पर कर्म पर यदि हम अपने अधिकारो के प्रति जागरूक रहे तो महिलाओं का सशक्तिकरण सहज हो जायेगा। इसके अलावा आये हुए सभी अतिथियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपने-अपने विचार रखे व शुभकामनाएँ दी ।

ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने अपनी वाणी की शुरुआत वन्दे मातरम् से किया। हमें गर्व होना चाहिए भगवान ने इस अंतिम जन्म में नारी तन में जन्म दिया यूँ तो हम सभी चैतन्य रूप में दिव्य सितारे हैं और जिस घर में हम आत्माएं रहती हैं वहाँ न कोई स्त्री है और न कोई पुरुष न कोई बच्चा है ना कोई बड़ा वास्तव में यह भी भान रखना मैं स्त्री हूं मैं पुरुष हूँ यह भी इस देह का अभिमान है ।

### जिपं अध्यक्ष ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का थामा दामन

**बिलासपुर-रायपुर।** बिलासपुर जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी इस्तीफा दे दिया है। वह कांग्रेस के समर्थन से जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस्तीफा देने के बाद अब उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर लिया है।

बता दे कि बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर इस वक्त अरुण सिंह चौहान काबिज है। जिला पंचायत सदस्य व अध्यक्ष का निर्वाचन दलीय आधार पर नही होता। पर अरुण सिंह चौहान कांग्रेस के समर्थन से पहले जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए फिर जिला पंचायत अध्यक्ष बने। वे विधानसभा चुनाव में कोटा विधानसभा से दावेदारी भी कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों से उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें थीं। आज उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव के समक्ष भाजपा प्रवेश कर लिया है। लोकसभा चुनाव से पहले यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है।

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मंतूराम पवार हुए भाजपा में शामिल

**कांकेर-रायपुर ।** पूर्व विधायक मंतूराम पवार आज अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सीएम साय की मौजूदगी में मंतूराम पवार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, मंतूराम पवार ने 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पार्टी के खिलाफ जाकर निर्दलीय चुनाव लड़ने के कारण कांग्रेस भी उनसे खफा चल रही थी। यही कारण है कि, पूर्व विधायक मंतूराम पवार ने एक बार फिर से भाजपा का दामन थाम लिया है।

# आप नेता ने बीजेपी नेता को गोली मारी, घटना के बाद से आरोपी फरार

**रायगढ़।**

**खरसिया में आप नेता ने बीजेपी नेता को गोली मार दी। घटना में घायल नेता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजेपी नेता का नाम गोपाल गिरी है। बताया जा रहा है आपसी विवाद के चलते ये घटना हुई है। गोलीकांड के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आप नेता अमर अग्रवाल का किसी बात को लेकर बीजेपी नेता गोपाल गिरी से विवाद हुआ था।**

देखते ही देखते दोनों के बीच में विवाद इतना बढ़ा कि अमर अग्रवाल ने गोपाल पर गोली चला दी। गोली की आवाज जैसे ही आसपास के लोगों को सुनाई दी तो मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। आरोपी भीड़ को देखकर फरार हो गया। वहीं, लोगों ने खून से लथपथ गोपाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। पकड़े जाने के बाद घटना की वजह क्या थी, इसका पता नहीं चल पाया है। आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी तलाश जारी है। मालूम हो कि आप ने आरोपी अमर अग्रवाल को 2019 में अपना प्रत्याशी घोषित किया था। अमर ने खरसिया सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि इस चुनाव में अमर को हार का सामना करना पड़ा था।

### विधायक चैतराम अटामी ने किया स्विमिंग पूल का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के ओल्ड सर्किट हाउस स्थित स्विमिंग पुल रिनोवेशन के बाद आम जनता और छात्र-छात्राओं के लिए ओपन कर दिया गया है। शनिवार को स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा उक्त स्विमिंग पुल का सत्र 2024-25 के लिए शुभारंभ किया गया। ताकि तैराकी स्पर्धा में में नई प्रतिभाएं आगे आ सकें। जिसमें तैराकी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक बेहतर माध्यम होता है। कोई भी व्यक्ति नगर पालिका दंतेवाड़ा में पंजीयन करवा के स्विमिंग पूल का सदस्यता ले सकते हैं। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए सदस्यता शुल्क रियायती दर पर रखी गई है। विगत 4-5 वर्षों से स्विमिंग पुल का संचालन बंद हो गया था तथा स्विमिंग पुल का रिनोवेशन जरूरी हो गया था। दंतेवाड़ा के नागरिकों की मांग थी की स्विमिंग पुल का संचालन प्रारंभ किया जाए। साथ ही तैराकी प्रतिस्पर्धा के लिए भी खिलाड़ियों के बीच स्विमिंग पुल की जरूरत महसूस की जा रही थी। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस पर संज्ञान लेते हुए स्विमिंग पुल को जल्द से जल्द रिनोवेशन करने के साथ आम जनता के लिए खोले जाने हेतु नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा को निर्देशित किया।

### कलेक्टर और एसपी ने ली निर्माण एजेंसियों एवं ठेकेदारों की बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्माण एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे निर्माणाधीन सड़क एवं पुल-पुलिया के निर्माण कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत सड़कों एवं पुल-पुलिया का निर्माण तकनीकी मापदण्डों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बरसात के पूर्व सभी सड़क निर्माण कार्यों को तेजी के साथ करने के निर्देश भी दिए। वहीं समय-सीमा के भीतर सभी सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने निर्माण कार्यों में जरूरत के अनुरूप सुरक्षा बल उपलब्ध कराए जाने आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्माण एजेंसियां निर्माण कार्य जहां पर पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता हो कार्य प्रारंभ करने के पूर्व अनिवार्य तौर पर सूचित करें। बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों की समस्याओं का भी संज्ञान लिया और निराकरण के लिए आवश्यक पहल किये जाने आश्वस्त किया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित अन्य अधिकारीगण एवं ठेकेदार मौजूद थे।

### ओवर स्पीड से होने वाले एक्सीडेंट को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया जा रहा है कार्यवाही

**कोरबा।** पुलिस के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर 18 प्रकरण दर्ज किए गए। ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों से लगभग 30000 रुपए वसूले गए। कार्यवाही हुए लोगों का लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 03/03/2024 को थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सिख्त से कार्यवाही करने का नर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 18 प्रकरणों में लगभग कुल 30000 रुपए वसूले के साथ-साथ उनका लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी किया जा रहा है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पैट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक बौराहा एवं भीडभाइ वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वहां चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह वशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वहां ना चलाएं ना ही शराब पीकर वाहन न चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी किया जा रहा है।

## शॉर्ट न्यूज

### महिला वंदन की राशि पर एलआईसी एजेंटो की नजर

**दुर्ग।** महतारी वंदन योजना की राशि अभी महिलाओ के खाते में आया भी नही है, पर एलआईसी सहित अन्य कंपनियों की नजर शिद्दत से लग गई है। एलआईसी ने एक पॉलिसी लाया है, जिसमे एक साल में 12 हजार रुपया जमा करने वाली महिलाओं को 25 साल बाद साढ़े 6 लाख रु एकमुश्त राशि मिलेगी। एलआईसी के एजेंट्स शहर से लेकर गांवो की उन विवाहित महिलाओं से संपर्क साध रहे है, जिन्हे महतारी वंदन योजना में हर महीने 1 हजार रुपए मिलने वाला है। यह राशि 16 साल तक पटानी होगी। फिर 25 वें साल एकमुश्त राशि मिल सकेगी। एलआईसी से जुड़े सूत्र बताते हैं कि यह योजना महतारी वंदन योजना को ही ध्यान में रखकर बनाया गया है। अभी सभी ओर महतारी वंदन की धूम मची हुई है। बैंक से लेकर आधार कार्ड सेंटर तक महिलाओ की भीड़ जुटी हुई है। महतारी वंदन को लेकर महिलाओ में बड़ा उत्साह है। कुछ इसी तरह पॉलिसी एजेंटो के चेहरे भी खिल गए हैं।

### सड़क हादसे में बाल बाल बचे भाजपा के सरगुजा लोकसभा सीट प्रत्याशी चिंतामणि महराज

सरगुजा । सड़क हादसे भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज बाल-बाल बच गये। हादसा उस वक्त हुआ, जब चिंतामणी महाराज की कार और बाइक में जोरदार भिड़त हो गयी। घटना में में तीन लोग घायल हो गये। इस घटना में दो युवक की हालत गंभीर है। घटना अंबिकापुर-सीतापुर मुख्य मार्ग एनएच43 में बतौली थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। देर रात हुए इस घटना में चिंतामणी महाराज सुरक्षित बताये जा रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों ही भाजपा ने पहली लिस्ट जारी की है। छत्तीसगढ़ के 11 सीटों में सरगुजा सीट से भाजपा ने चिंतामणी महाराज को टिकट दिया है। जानकारी के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद चिंतामणी महाराज देर रात एक कार्यक्रम से लौट रहे थे, इसी दौरान एनएच43 में बतौली थाना क्षेत्र में बाइक को चिंतामणी महाराज की कार ने टक्कर मार दी। चिंतामणि महाराज की कार के सामने विपरीत दिशा की ओर से आ रही बाइक आ गयी। जानकारी के मुताबिक बाइक पर सवार तीन युवक शराब के नशें में धुत थे। बाईक सवार 3 युवक घायल हैं, 2 की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना में चिंतामणि महाराज सुरक्षित बताये जा रहे है।सभी घायलों का सीएचसी बतौली में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया, जहां सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर टंकराम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**रायपुर।** कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट अब तक जारी नहीं होने लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंन कहा है कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी नहीं है. कोई लड़ने के लिए तैयार ही नहीं है. धर पकड़ के प्रत्याशियों को लाया जा रहा है. रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया है. कोई लड़ने वाला तैयार नहीं है. भारतीय जनता पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत है कि इस बार 400 का आंकड़ा पार होगा. लोगों में उत्साह है. कार्यकर्ताओं में उत्साह है. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन विश्व के लोकप्रिय नेता हैं. आज पूरा देश उनके तरफनिगाहें करके बैठा है. इस बार रायपुर लोकसभा रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे. भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पहले अपने आप को जोड़ लें. भारत भूमि से अपने आप को जोड़ लें. उसके बाद फिर वह देश को जोड़ें. जो अपने आप को जोड़ नहीं पाए वो देश को क्या जोड़ेंगे. महंगाई की क्या बात करेंगे. हमारी सरकार आते ही बेरोजगारो के लिए कितनी सरकारी भर्तियां निकाल दी. वैकेंसी निकल दी। महतारी वंदन योजना को लेकर पूर्व सीएम के बयान पर मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को धरातल पर लाने के लिए हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरी व्यवस्था कर ली है. भूपेश बघेल जैसे कोई धोखा नहीं है.

### आर्यभट्ट भवन और पुस्तकालय भवन का लोकार्पण




**रायपुर, मुख्यमंत्री** श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के परिसर में 22.96 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित दो शैक्षणिक भवनों आर्यभट्ट भवन और पुस्तकालय भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आर्यभट्ट भवन पर स्थित महान गणितज्ञ आर्यभट्ट की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

आर्यभट्ट प्राचीन भारत के महान गणितज्ञ ज्योतिषविद् एवं खगोल शास्त्र थे। जिन्होंने नवीन और अभूतपूर्व अविष्कारों और सिद्धांतो का निर्माण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री विजय बघेल, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक दुर्ग शहर श्री गजेंद्र यादव, विधायक श्री रिकेश सेन , विधायक श्री ईश्वर साहू, कमिश्नर श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

10 करोड़ 35 लाख की लागत से बना है आर्यभट्ट भवन

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकांनद तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर भिलाई में 10 करोड़ 35 लाख 92 हजार रूपए की लागत से बने नवनिर्मित शैक्षणिक भवन 'आर्यभट्ट' का लोकार्पण किया।

# छात्रों ने किया प्रतिभा प्रदर्शन विज्ञान के कठिन चलित मॉडल, रंगोली बनाकर विज्ञान का महत्व समझाया

**कोरबा आरएनएस)।**

कोरबा स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा कोरबा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय के सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्या सुश्री शांति मोहंती थी,कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुई तत्पश्चात महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भौतिक विज्ञान शिक्षक लोकचंद सोनटके द्वारा मुख्य अतिथि प्राचार्या का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया तत्पश्चात विज्ञान विषय के महत्व के बारे में विद्यालय के छात्र मास्टर मुकेश कुमार, अनोखी तथा छात्रा तानवी सोनटके द्वारा विज्ञान दिवस के मनाए जाने विषय पर प्रकाश डाला गया।




इस दौरान विद्यालय के रसायन विज्ञान शिक्षक व प्रदर्शनी को कोऑर्डिनेटर संतोष चैरसिया ने इस प्रदर्शनी के आयोजन एवं संबंधित विभिन्न मॉडलों के ऊपर प्रकाश डाला और बताया कि यह प्रदर्शनी में बने मॉडल मुख्य रूप से छोटे-छोटे दैनिक उपयोग से बनी सामग्री व विज्ञान विषय के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित है इसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान विषय को रोचक और मजेदार बनाना है इस प्रदर्शनी में कुल छात्र छात्राओं द्वारा 34 माडल बनाए गए थे जिसमें से 10 मॉडल कक्षा छठी द्वारा ,11 मॉडल कक्षा सातवीं द्वारा, 13 मॉडल 8वी के द्वारा बनाया गया था। इसी कार्यक्रम में 45 पोस्टर कक्षा 9वी द्वारा बनाया गया था यह सभी मॉडल विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित थे। चैरसिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य आयोजन बच्चों के अंदर से विज्ञान विषय के डर को कम कर उनके ज्ञान के स्तर को बढ़ाना है ताकि विद्यालय ताकि विद्यार्थी इसे रोचक विषय के रूप में ले सके।

0 राजधानी में न्यायमूर्ति अनिल कुमार शुक्ला की दो काव्य -पुस्तकों का विमोचन

# साहित्य समाज को ऊँचाई देता है - न्यायमूर्ति टीपी शर्मा

**रायपुर, आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री टी. पी. शर्मा ने बीती शाम राजधानी रायपुर में जस्टिस अनिल कुमार शुक्ला की दो काव्य -पुस्तकों का विमोचन किया ।इनमें कविता -संग्रह 'आखर -आखर ढाई आखर ' और ग़ज़ल संग्रह 'अपना शहर -बेगाने लोग ' शामिल है। उल्लेखनीय है कि दोनों पुस्तकों के रचनाकार कवि श्री शुक्ला छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ,बिलासपुर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं और वर्तमान में रायपुर में रहते हैं। उनकी इन पुस्तकों का विमोचन समारोह छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित किया गया। समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए न्यायमूर्ति श्री शर्मा ने कहा कि साहित्य ही समाज को ऊँचाई देता है। साहित्य ईश्वर प्रदत्त कृति है।



लोक आयोग कार्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति श्री शर्मा ने आगे कहा कि महाकवि तुलसीदास जी ने ' स्वांतः सुखाय' के लिए रामचरित मानस की रचना की थी लेकिन आज उनका यह महाकाव्य आम जनता में लोकप्रिय एक उत्कृष्ट रचना है। साहित्य कमजोर नहीं होता, वह प्रभावी होता है। साहित्य सब का हित करता है। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री टी. पी. शर्मा ने दोनों काव्य -पुस्तकों के प्रकाशन पर उनके रचनाकार कवि श्री अनिल कुमार शुक्ला को बधाई दी । न्यायमूर्ति श्री शर्मा ने कहा कि कवि के रूप में जस्टिस अनिल शुक्ला की दोनों पुस्तकें उनके अनुभवों का सार है, वे अपने परिदृश्य की तमाम विसंगतियों को बेबाकी से प्रस्तुत करते हैं। विमोचन समारोह के विशेष अतिथि पूर्व मंत्री और छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के संरक्षक श्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि एक न्यायमूर्ति के रूप में श्री अनिल शुक्ला ने मानव जीवन में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों को व्यंग्य की शैली में प्रस्तुत किया है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. के. पी. यादव ने कहा कि न्यायमूर्ति अनिल कुमार शुक्ला ने दोनों काव्य -पुस्तकों में संकलित जस्टिस अनिल शुक्ला की रचनाओं में एक ओर प्रेम की गहरी अनुभूति है तो दूसरी ओर वर्तमान समाज के यथार्थ पर बेबाक प्रतिक्रिया भी ।

### कार्यस्थल पर आंतरिक परिवार समिति का किया जाएगा गठन

**सुकमा, ।**

यूनिसेफ व् लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तत्वाधान व जिला सुकमा के निर्देशन में जिला सुकमा में संचालित बहुभाषा शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत - विकासखण्ड छिंदगढ़ के चयनित बहुभाषा शिक्षण कार्यक्रम संचलित शालाओं के शिक्षकों मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में बहुभाषा शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ( विकासखण्ड - छिंदगढ़ ) श्री - कमलेश श्रीवास्तव जी द्वारा बच्चों की मातृभाषा को कक्षा में शामिल करते हुए रणनीतिक रूप से मानक भाषा व् मातृभाषा का इस्तेमाल कर कक्षा में राज्य द्वारा निर्धारित अधिगम प्रतिफल प्राप्त करने व एफ एल एन ( निपुन भारत मिशन ) के उद्देश्यों पर चर्चा कर मातृभाषा का महत्व, मातृभाषा के उपयोग से लाभ व समुदाय से समर्थन व् जुड़ाव सम्बन्धी चर्चाएँ की गयीं । साथ ही एफ एल एन ( निपुन भारत मिशन ) के तहत कक्षा -3 तक बच्चों की भाषा एवं गणित में निर्धारित अधिगम दक्षता पर चर्चा करते हुए कक्षा संचालन एवं गतिविधि मुख्य दक्षताओं पर कार्य, धाराप्रवाह -प्रवाहपूर्ण पठन का आकलन कर स्तर आधारित उपचारात्मक शिक्षण एवं रणनीति व शालाओं में वार्षिक परीक्षा के उपरांत व पश्चात कक्षा संचालन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा किया।

# टिकट व स्टाम्प विक्रेताओं की हुई चांदी, आमजन की कट रही जेब

### निर्धारित कीमत से अधिक राशि देकर स्टाम्प पेपर खरीदने की मजबूरी

जैजैपुर । आमजन पांच रूपए की टिकट को 10 रुपए में, 50 रूपए के स्टाम्प पेपर को 100 रुपए में व 100 रूपए के स्टाम्प पेपर को 150 से 200 सौ रुपए में खरीदने को मजबूर हैं तो वहीं टिकट व स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी करने वाले मालामाल हो रहे हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है, जिसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे टिकट व स्टाम्प पेपर विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं।

दरअसल, वसीयतनामा, एग्रीमेंट या कोई शपथ पत्र बनवाने के लिए लोगों को 50 और 100 रूपए के स्टाम्प पेपर की जरूरत पड़ती है और कई बार 500 रूपए के स्टाम्प पेपर की भी जरूरत होती है। वहीं भूमि और भवन की रजिस्ट्री के लिए इससे भी अधिक के स्टाम्प पेपर की जरूरत पड़ती है, लेकिन टिकट और स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी के कारण आमजनों की जेब कट रही है तो वहीं टिकट, स्टाम्प और ई-स्टाम्प पेपर बेचने वाले चांदी काट रहे हैं। विदित हो कि तहसील कार्यालय व उप पंजीयक कार्यालय के पास लम्बे समय से टिकट और स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी चल रही है, जिसकी जानकारी उप पंजीयक को होने के बाद भी कार्यवाही नहीं करना समझ से परे है। वहीं स्टाम्प के लिए तय दर से अधिक लेने की अनेक बार शिकायत एवं खबर छपने के बाद भी उप पंजीयक द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करना उनके कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हैं।

## संपादकीय

### मोदी की मंत्रियों को नसीहत देना चुनाव पूर्व था आवश्यक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में विकसित भारतः 2047 के विजन पर चर्चा की गई। साथ ही अगले पांच सालों के कामों पर मंथन किया गया। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की आखिरी बैठक थी। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को कहा कि बोलने में परहेज करें और सोच-समझकर बोलें। पीएम ने डीपफेक से बचने यानि आवाज बदलकर आदि से जो कोशिश की जाती है, उससे सतर्क रहने की बात कही। पीएम ने लगभग एक घंटे तक बात की। पीएम ने कहा कि बोलना है तो योजनाओं पर बोले, विवादित बयानों से बचें। पीएम ने मंत्रियों को ये भी कहा कि चुनाव है, किससे मिल रहे हैं, देखकर मिलें यानि मिलने-जुलने में सोच समझकर मिलें। उन्होंने शरद पवार और प्रमोद महाजन का एक उदाहरण भी दिया। सूत्रों के मुताबिक एक दिवसीय बैठक के दौरान मई में नई सरकार के गठन के बाद उठाए जाने वाले तत्काल कदमों के लिए 100 दिन के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रोडमैप दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है और इसे सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक के साथ परामर्श करके तैयार किया गया है।



### इलेक्टरल बॉन्ड गैर कानूनी

**अजय दीक्षित** – पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है उसने राजनैतिक दलों को इलेक्टरल बॉड से मिलने वाले चंदे को गैर कानूनी करार दिया है । असल में अनेक कम्पनियां सत्तारूढ़ दल को चन्दा तो देना चाहती हैं (और बदले में अपने लिए कुछ विशेष रियायतें चाहती हैं) परन्तु वह अपना नाम गोपनीय रखना चाहती हैं । प्रायः तो सत्तारुढ़ दल को ही सबसे ज्यादा चन्दा मिलता है ।सन् 2017-18 के वित्तीय वर्ष में तत्कालीन केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली इस स्कीम को लाये थे । इसके अन्तर्गत स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया साल में चार बार कुछ दिनों तक इलेक्टोरल बॉण्ड बेच सकती है । यह भी केवल कुछ ही निर्धारित शाखाओं पर । इस स्कीम के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी इन बॉण्डों को खरीद सकती है और फिर उसे किसी पार्टी को दे सकती है । स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को तो मालूम रहता है कि बॉण्ड किसने खरीदा है, परन्तु राजनैतिक दल जिसे यह प्राप्त होता है, वह नहीं जानता कि यह दान किसने दिया है । यूं अनौपचारिक रूप से कहा जाता है कि वह व्यापारिक कम्पनी सत्तारुढ़ दल को बतला देती है कि वह इतनी राशि का इलेक्टोरल बॉण्ड दे रही है । इससे वह जो तथाकथित लाभ जाती है उसका रास्ता खुला रहता है । वे तो कोई और राजनैतिक दल या कोई व्यक्ति या इलेक्शन कमीशन को कुछ भी मालूम होता था । अभी तक नगद चंदा मात्र बीस हजार रुपये ही दिया जा सकता है । कोई चाहे तो चेक से भी दान दे सकता है, तब सबको पता चल जाता है कि कौन किस पार्टी को कितना चन्दा दे रहा है । इलेक्टोरल बॉण्ड से गोपनीयता बनी रहती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गुप्त चंदा वोटर से विश्वासघात है । आदेश में कहा गया है कि स्टेट बैंक ऑफइण्डिया अब तक जारी सभी इलेक्टोरल बॉण्ड किसने कब, कितने के खरीदे इसका विवरण तीन हफ्ते में इलेक्शन कमीशन को दें और इलेक्शन कमीशन को दें और इलेक्शन कमीशन से अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करें ।यह स्कीम लाते समय केन्द्रीय सरकार ने कम्पनी कानून और इनकम टेक्स आदि के नियमों में भी बदलाव किया था । सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की खूब खिचाई की है । पहले घाटे वाली कंपनियां चंदा नहीं दे सकती थीं । इस स्कीम में किसी पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा ।सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों से ज्ञात होता है कि अब तक 16,000 करोड़ के बॉण्ड स्क्कढ्ढ ने बेचें हैं जिसमें से 6566 करोड़ रुपये का चन्दा भाजपा को मिला है । जनवरी 2024 तक 16518 करोड़ ग्यारह लाख रुपये के बॉण्ड बिके हैं । कहते हैं राजनैतिक दलों को जो चंदा मिला है उसमें आधे से ज्यादा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है, किसी-किसी क्षेत्रीय दल को तो 90त्न तक चंदा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है ।भाजपा को कुल चंदे का आधा हिस्सा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है । आर.बी.आई. के नियमों में भी बदलाव किया गया ।अब यह सारी सूचना वेबसाइट पर आ जायेगी तो पता चल जायेगा कि किस पार्टी को किस कम्पनी ने पैसा दिया है । विपक्ष का आरोप है कि अब यह खुलासा हो जायेगा कि अडानी के ग्रुप ने कितना पैसा भाजपा को दिया है ?। वहीं विपक्ष को डर है कि अब यह पता चल जायेगा कि भाजपा को नीचा दिखलाने के लिए किस कम्पनी ने पैसा दिया है । कुल मिलाकर यह वोटर की बड़ी जीत है और भारत के प्रजातंत्र की रक्षा सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है और सत्तारूढ़ दल या विपक्ष देश में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए मात्र घड़ियाली आंसू बहाते हैं ।

# शिव लोक कल्याणकारी हैं तो संकट विनाशक भी



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



सम्पूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था तब भी शिव थे जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दुःख और द्र का अर्थ हरना-हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दुःख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले।

शिवरात्रि का पर्व भी दुःखों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं।

शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चारों प्रहर में करनी चाहिए। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और वाणी को विश्राम प्रदान करती है। शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। शिव और शक्ति का मिलन गतिशील ऊर्जा का अन्तर्जगत से एकात्म होना है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है।

भगवान शिव को रूद्र नाम से जाना जाता है रुद्र का अर्थ है रुत् दूर करने वाला अर्थात दुखों को हरने वाला अतः भगवान शिव का स्वरूप कल्याण कारक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निर्माता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। शिवरात्रि जागृति का पर्व है, जिसमें आत्मा का मंगलकारी शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं।

सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है।

शिव ने संसार और संन्यास दोनों को जीया है। उन्होंने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व सृष्टि के इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणास्रोत है। लेकिन हम इतने भोले हैं कि अपने शंकर को नहीं समझ पाए, उनको समझना, जानना एवं आत्मसात करना हमारे लिये स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला अनुभव सिद्ध हो सकता है। मानवीय जीवन के सभी आयाम शिव से ही पूर्णत्व को पाते हैं। **यह निजी विचार है।**

# ब्रह्मांडीय ऊर्जा ही शिव का साक्षात प्रतीक है

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

यह महाशिवरात्र पर्व प्रायः सारे भारत में मनाए जाने वाला पवित्र पर्व है। जहां यह पर्व शिव के भक्तों और उपासकों के लिए व्रत स्नान और शिवालयों में पूजन से जुड़कर मोक्ष प्रदान करता है। वहीं दार्शनिकों तत्व ज्ञानियों और प्रबुद्ध जनों के लिए शिवत्व की महिमा का विशेष महत्व है।

महाशिवरात्रि पर जहां हिंदू जनता पवित्र पूजन करती है और उपवास रखती है। वहीं अनेक लोग शिव पार्वती की मूर्ति बनाकर बेल पत्रों से उनका पूजन करते हैं। कुछ लोगों के पास तो भगवान शिव के वाहन नंदी बैल की भी चांदी की प्रतिमा होती है या वे बनाते हैं और उसकी भी पूजा-अर्चना की जाती है। नंदी पर सवार रहने के कारण शिव को नंदीकेश्वर भी कहा जाता है। भगवान शिव को काम शास्त्र तथा रसायन शास्त्र का प्रतीक माना जाता है। ऐसी कल्पना भी है कि शिव की उत्पत्ति परम शिव से हुई है। सृष्टि की रचना में अन्न, दूध घी तथा वर्षा पोषक तत्व है। इन सब का प्रतीक वृषभ है।


शिव की आराधना मनुष्य की जड़ता और अज्ञानता को काटती है । और मनुष्य में सृजन शक्ति का विकास होता है। इस सृजन शक्ति से ही जगत का अधिकतम कल्याण संभव है। पर यह तभी संभव है । जब हर मानव भीतर के शिव को जागृत करके परम शिव में समाहित कर दे। वास्तव में प्रतिभाशाली एवं बुद्धिमान व्यक्ति वह है जो प्रिय वस्तु खो जाने पर कभी शोक संतप्त नहीं होता अर्थात सुख एवं दुख में समभावी बना रहता है ।

नील रूद्रोपनिषद ग्रंथ में ऋषियों ने भगवान शंकर से विश्व कल्याण हेतु याचना करते हुए कहा है कि ÷ हे कैलाश वासी शिव÷ हम अपनी मंगलमयी वाणी द्वारा आपके अत्यंत निर्मल यश का गान करते हैं । क्योंकि ऐसा करने से यह संपूर्ण विश्व हमारे अनुकूल होकर दुःख शून्य हो जाएगा । आपके बाण कल्याणकारी हैं। आपका धनुष और उसकी प्रत्यंचा भी कल्याणकारी है ।

÷हे कल्याण स्वरूप अपने इन आयुधों के द्वारा आप हमें जीवन देते हैं।÷हे भगवान रुद्र आप पर्वत पर निवास करते हुए भी सबका मंगल करते हैं । आपका जो पाप नाशक स्वरूप है, उसके द्वारा हमें सब और से प्रकाश दीजिए।

भगवान शिव ही सृष्टि के प्रेरक शक्ति एवं इसके सूत्रधार हैं। शिवलिंग की पूजा का तात्पर्य है मन के विकारों और वासनाओं को मन से निकाल कर मन को निर्मल बनाना । वायु पुराण के अनुसार प्रलय काल में सारी सृष्टि जिसमें वस्तुतः लिंग एक व्यापक शब्द है। ब्रह्मांडीय ऊर्जा ही शिवलिंग या आकाश लिंग का प्रतीक है।

शिव के नृत्य से ही सभी वस्तुओं की सृष्टि का आरंभ होता है । यह नृत्य सृष्टि के आरंभ से ही चल रहा है । क्योंकि इस आदि नृत्य को हम ग्रह नक्षत्र तथा तारक मंडलों के सामूहिक नृत्य में नियमित गति में और एक दूसरे की गति रेखा में अबोध स्थान परिवर्तन में विद्यमान पाते हैं शिव का नृत्य यथार्थ में ईश की पंच क्रियाओं का अर्थात सृष्टि, संहार, स्थिति, तिरोभाव और अनुग्रह



के देवता का द्योतक है विश्व की क्रियाएं नृत्य का प्रमुख विषय है।

डमरु की ध्वनि से सृष्टि होती है। अग्नि से दुष्टों का संहार होता है । अभय हस्त से रक्षा होती है । और उर्धवपाद से मुक्ति मिलती है । यही नटराज हैं। नटराज का एक और विवेचन है नृत्य करता हुआ चरण, किंकणीं, ध्वनि, गाए जाने वाले राग, विचित्र चरण, न्यास नृत्य ,गुरु के स्वरूप इन्हें अपने अंदर ही ढूंढ निकालो। तब तुम्हारे सारे बंधन कट जाएंगे। जो मनुष्य भगवान शिव की महिमा को नहीं जानता। वह ब्रह्मा विष्णु को भी नहीं जान सकता क्योंकि यह तीनों महादेव एक ही महाशक्ति के विभिन्न रूप हैं ।

ब्रह्मा सृष्टि के करता विष्णु सृष्टि के पालन करता और शंकर उसके संहार करता हैं। इनमें भगवान शिव ही जन्म और मृत्यु के बीच कड़ी के रूप में सतत विद्यमान हैं । शिव ही प्राणियों को एक जीवन से दूसरे जीवन में प्रतिस्थापित करते हैं ।इसलिए शिव को रूद्र उपनिषद में प्राण लिंग कहा गया है।

पूरे देश में बारह ज्योतिर्लिंग हैं। ये ज्योतिर्लिंग शिव का प्रतीक है। हिमालय से कन्याकुमारी तक समुद्र से गिरी शिखरों तक ग्रामों में तो कहीं पहाड़ की चोटी पर भी तो कहीं नदी किनारे कोई-कोई तो नदी के उद्गम स्थान पर और कोई दुर्गम स्थानों में विराजमान हैं।

महाशिवरात्रि की साधना और आराधना से वह सब कुछ सिद्ध हो सकता है जो धरती और उसके वासियों के लिए मंगलकारी होता है। अतः आइए शिव साधना द्वारा समस्त चराचर जगत की सुख शांति के लिए प्रयास करें। और जन कल्याण मानव कल्याण के लिए शिव की भक्ति और आराधना करें। ÷ओम नमः शिवाय÷। **यह निजी विचार है।**

# भयाकुल नस्ल के पावरफुल

**हरिशंकर व्यास**

एक अंग्रेजी के अखबार ने देश के एक सौ सबसे पावरफुल लोगों की सूची जारी की है। यह सूची हर साल आती है और हर साल लगभग एक जैसे चेहरे होते हैं। उन्हीं की रैंकिंग में थोड़ा ऊपर नीचे होता है। इस रैंकिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर होते हैं और उसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ आदि के नाम शीर्ष 10 में होते हैं।उसके बाद इस सूची में अन्य केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुख, मुख्यमंत्री, कांग्रेस के कुछ नेता, फिल्म अभिनेता, कारोबारी, बैंकर और खेल आदि से जुड़े लोग होते हैं।नस्ल के इन कथित पावरफुल लोगों के चेहरे देखते हुए महाभारत की मूल कहानी में क्षेपक के तौर पर कही जाने वाली एक कहानी का ध्यान आता है। सबको पता है कि युद्ध शुरू होने से पहले भगवान कृष्ण ने बरबरी का सिर काट कर एक ऊंची जगह पर टांग दिया था, जहां से वह युद्ध देख रहा था। 18 दिन का युद्ध खत्म होने के बाद कृष्ण ने बरबरी से युद्ध के बारे में पूछा तो उसने कहा- भगवन मुझे तो दोनों तरफसे आप ही लड़ते दिख रहे थे।उसी तरह का मामला इस सूची का भी है। सभी सौ लोगों में एक ही चेहरा दिखता है और वह चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। जैसे सौरमंडल में ऊर्जा का स्रोत सिर्फ सूर्य है और बाकी सारे ग्रह उसकी रोशनी से चमकते हैं वैसे ही देश में शक्ति का एकमात्र स्रोत नरेंद्र मोदी हैं और बाकी लोगों के पास आभासी ताकत है।

सब उनकी शक्ति से ताकत पाते हैं।सोचें, जो दूसरे की रोशनी से चमकते हों या दूसरे की शक्ति से ताकत पाते हों उनको कैसे पावरफुल माना जाएगा? पर यह दिल्ली तख्त का स्थाई इतिहास सत्य है। अकबर के यहां मानसिंह, कथित नवरत्न आदि हुआ करते थे मगर वे असलियत में क्या गुलाम नहीं थे?सो 2024 के पावरफुल चेहरों की सूची का भी लब्बोलुआब है कि एक से सौ तक नरेंद्र मोदी हैं। वैसे ही जैसे एक समय हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए कहा जाता था कि एक से 10 तक अमिताभ बच्चन हैं और नंबर दो की गिनती 11 से होती है। उसी तरह नंबर दो पावरफुल व्यक्ति 101वां व्यक्ति होगा। एक से सौ तक मोदी हैं या उनका सिस्टम है। तभी हैरानी की बात है कि उनके सिस्टम के जो असली पावरफुल लोग है उनका नाम ऐसी सूचियों में नहीं आता है।मीडिया के लोगों को सूची बनाते समय कम से कम मीडिया को नचाने वाले हीरेन जोशी का नाम तो एकदम शुरू में रखना चाहिए। आखिर वे ही रोज सुबह दिन भर चलने वाली सुर्खियां तय करते है। वे देश के सुपर संपादक हैं। भगवान की बुद्धी है। प्रधानमंत्री कार्यालय के और अधिकारी, गुजरात से चले आ रहे उन चेहरों, उन लोगों को भी पॉवरफुर में रखना चाहिए जिनसे एक्सेस होती है।जो नरेंद्र मोदी का रोजाना प्रवचन बनाते है। राज्यों में गठबंधन बदलवा रहे हैं या सीटों के बंटवारों पर सहयोगी दलों से बात कर रहे हैं। या प्रोजेक्ट भगवान के कर्ता-धर्ता है।सोचे, क्या तुके है प्रधानमंत्री कार्यालय से आने वाले आदेश का पालन करने वाले मंत्रियों को पावरफुल बताने की। सोशल मीडिया में यह मजाक चल रहा है कि जिन लोगों को प्रधानमंत्री की माला से बाहर निकाल दिया गया वे भी पावरफुल लोगों की सूची में हैं!गौरतलब है कि दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा रहा था तब बड़ी माला में राजनाथ सिंह भी थे लेकिन उनको तुरंत ही अहसास हुआ और वे खुद ही माला से बाहर निकल गए। एक हाथ से माला पकड़े रहे। दूसरी ओर जेपी नड्डा ने माला में घुसने की कोशिश की तो अमित शाह ने माला नीचे कर दी और नड्डा बाहर छूट गए। फिर भी वे सबसे पावरफुल लोगों की सूची में हैं।

**यह निजी विचार है।**

# कृषि 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी: श्री पीयूष गोयल

**श्री गोयल ने किसानों की भंडारण सुविधा को आसान बनाने के लिए 'ई-किसान उपज निधि' का शुभारंभ किया**

**डब्लूडीआरए पंजीकृत गोदामों पर सुरक्षा जमा शुल्क जल्द ही 3 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत किया जाएगा: श्री गोयल**

**'ई-किसान उपज निधि' किसानों द्वारा संकट के समय में उनकी उपज की कम कीमत पर होने वाली बिक्री को रोकेगी: श्री गोयल**




लोकशक्ति। संवाददाता। पीआईबी।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, वाणिज्य और उद्योग तथा वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि कृषि क्षेत्र 2047 तक राष्ट्र को 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में आधार स्तंभ होगा। आज नई दिल्?ली में वेयर हाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी (डब्ल्यूडीआरए) के ई-किसान उपज निधि' (डिजिटल गेटवे) के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए उन्?होंने लाखों भारतीयों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए किसानों को धन्यवाद दिया और कहा कि 'ई-किसान उपज निधि' पहल के साथ प्रौद्योगिकी की सहायता से किसानों की भंडारण व्यवस्था सुगम हो जाएगी और किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। श्री पीयूष गोयल ने इस अवसर पर घोषणा की कि ज्यादा किसानों, विशेषकर छोटे किसानों को गोदामों का उपयोग करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों पर सुरक्षा जमा शुल्क जल्द ही कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन गोदामों में किसानों को पहले अपनी उपज का भंडारण करने के लिए 3 प्रतिशत सुरक्षा जमा राशि का भुगतान करना पड़ता था, अब केवल 1 प्रतिशत सुरक्षा जमा राशि के भुगतान करने की आवश्यकता होगी।

श्री गोयल ने कहा, ÷डिजिटल गेटवे पहल खेती को आकर्षक बनाने के हमारे प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम है।÷ उन्होंने कहा कि बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे, अतिरिक्त सुरक्षा जमा नीति, 'ई-किसान उपज निधि' किसानों द्वारा संकट के समय में उनकी उपज बिक्री को रोक सकती है, जिन्हें फसल के बाद भंडारण की अच्छी रखरखाव सुविधाओं के न होने के कारण अक्सर अपनी पूरी फसल को सस्ती दरों पर बेचना पड़ता है। श्री गोयल ने कहा कि डब्लूडीआरए के अंतर्गत गोदामों की अच्छी तरह से निगरानी की जाती है, इनकी स्थिति बहुत अच्छी है और ये बुनियादी ढांचे से सुसज्जित हैं, जो कृषि उपज को अच्छी हालत में रखते हैं तथा खराब नहीं होने देते और इस तरह ये किसानों के कल्याण को बढ़ावा देते हैं। मंत्री महोदय ने डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत राज्यों में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा उपयोग किए जाने वाले गोदामों के अनिवार्य पंजीकरण और राज्यों के गोदामों से संबंधित बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से तैयार रखने के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर बल दिया।

''ई-किसान उपज निधि'' प्लेटफॉर्म के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री गोयल ने कहा कि अपनी सरलीकृत डिजिटल प्रक्रिया के साथ यह पहल किसानों के लिए किसी भी पंजीकृत डब्ल्यूडीआरए गोदाम में 6 महीने की अवधि के लिए 7 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज पर भंडारण की प्रक्रिया को आसान बना सकती है। मंत्री महोदय ने गोदाम पंजीकरण के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रदान करने की डब्ल्यूडीआरए पहल की सराहना की, जिसमें साल-दर-साल उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है और इस पोर्टल पर 1 लाख गोदामों को पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 1500 गोदाम पंजीकृत किये गये थे।

श्री गोयल ने इस बात पर बल दिया कि 'ई-किसान उपज निधि' और ई-एनएएम के साथ, किसान एक इंटरकनेक्टिड मार्केट की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सक्षम होंगे, जो उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर या उससे ज्यादा दाम पर अपनी उपज को सरकार को बेचने का फायदा पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में एमएसपी के जरिए सरकारी खरीद 2.5 गुना बढ़ी है। विश्व की सबसे बड़ी सहकारी खाद्यान्न भंडारण योजना के शुभारंभ के बारे में बोलते हुए मंत्री महोदय ने डब्ल्यूडीआरए से सहकारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गोदामों का मुफ्त पंजीकरण प्रदान करने के एक प्रस्ताव की योजना बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र के गोदामों को सहायता देने की पहल से किसानों को डब्ल्यूडीआरए गोदामों में अपनी उपज का भंडारण करने के लिए बढ़ावा मिलेगा, जिससे उन्हें अपनी फसल बेचने पर उचित मूल्य मिल सकेगा।

## शॉर्ट न्यूज

### उद्यम सहायता मंच पर अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों का पंजीकरण 1.50 करोड़ के पार

उद्यम असिस्ट सर्टिफिकेट जारी कर अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) के पंजीकरण की सुविधा के लिए 11 जनवरी 2023 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया था। सिडबी इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। जिन आईएमई के पास जीएसटी नंबर नहीं है उन्हें उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करने की अनुमति है। पिछले 14 महीनों के अंदर उद्यम सहायता मंच पर आईएमई का कुल पंजीकरण 1.50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है।

भारत सरकार ने 20 मार्च, 2023 की राजपत्र अधिसूचना एसओ 1296 (ई) के माध्यम से निर्दिष्ट किया है कि आईएमई को यूएपी पर जारी प्रमाणपत्र को प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) का लाभ उठाने के उद्देश्य से उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र के बराबर माना जाएगा। तदनुसार, आरबीआई ने अपने परिपत्र दिनांक 09.05.2023 के माध्यम से भी यह वर्गीकृत किया है कि उद्यम सहायता प्रमाणपत्र वाले आईएमई को पीएसएल वर्गीकरण के प्रयोजनों के लिए एमएसएमई के तहत सूक्ष्म उद्यमों के रूप में माना जाएगा।,

### भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 174वां स्थापना दिवस मनाया



भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने 4 मार्च, 2024 को देश भर में अपने सभी कार्यालयों में भव्य रूप से अपना 174वां स्थापना दिवस मनाया। यह आयोजन बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कोलकाता में केंद्रीय मुख्यालय में, इस समारोह का उद्घाटन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के महानिदेशक श्री जनार्दन प्रसाद ने किया। उन्होंने समारोह की शुरुआत करने के लिए पारंपरिक दीपक प्रज्ज्वलित किया। इस कार्यक्रम में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के पूर्व महानिदेशक और मुख्य अतिथि डॉ. एम.के. मुखोपाध्याय, सीएचक्यू के अतिरिक्त महानिदेशक और विभागाध्यक्ष डॉ. जॉयदीप गुहा और अन्य प्रमुख कामकाजी और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के महानिदेशक श्री जनार्दन प्रसाद ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के पूर्व महानिदेशक और इस अवसर के मुख्य अतिथि डॉ. एम.के. मुखोपाध्याय ने कोलकाता और इसके उपनगरों के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए चट्टानों, खनिजों और जीवाश्मों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

समारोह की शुरुआत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के संस्थापक डॉ. थॉमस ओल्डम और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के पहले भारतीय प्रमुख डॉ. एम.एस. कृष्णन के योगदान के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि के रूप में उनके चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद चट्टानों, खनिजों और जीवाश्मों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, जो कोलकाता और उसके उपनगरों के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियोंके लिए खुली थी।

## मानेसर स्थित आईसीएटी ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को पहला पीएलआई-ऑटोमोटिव प्रमाणपत्र प्रदान किया



लोकशक्ति। संवाददाता।

हरियाणा के मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) ने ऑटोमोबिल और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) की उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत मेसर्स ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को अपना पहला पीएलआई-ऑटोमोटिव सर्टिफिकेट प्रदान किया है। आईसीएटी, भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के अधीन राष्ट्रीय ऑटोमोटिव बोर्ड (एनएबी) के प्रभागों में से एक है।

मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. हनीफ कुरैशी ने ओला इलेक्ट्रिक के इंजीनियरिंग प्रमुख और वरिष्ठ वीपी डॉ. एसजे धीनगर को यह प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर आईसीएटी के निदेशक श्री सौरभ दलेला और भारी उद्योग मंत्रालय, आईसीएटी व मेसर्स ओला इलेक्ट्रिक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मेसर्स ओला इलेक्ट्रिक की बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन- 2डब्ल्यू [ओला एस1 प्रो (जेन2)] ने ऑटोमोटिव पीएलआई प्रमाणपत्र के लिए 50 प्रतिशत (न्यूनतम) के डीवीए के मानदंडों को पूरा किया है, जो उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी उत्पादों के स्वदेशीकरण को लेकर उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। कंपनी को आईसीएटी से यह प्रमाणपत्र 'मेक इन भारत' अभियान के प्रति उनके समर्पण और घरेलू उत्पादन इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए दिया गया है।

**डॉ. मनसुख मांडविया ने एम्स में एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्र का शुभारंभ किया**

## एनीमिया पर बहुकेंद्रीय क्लिनिकल परीक्षण की घोषणा

लोकशक्ति। रायपुर।




केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज यहां एम्स में एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए आयुष-आईसीएमआर उन्नत केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के बीच अन्य बड़ी संयुक्त पहल की भी घोषणा की जिसमें एनीमिया पर बहुकेंद्रीय नैदानिक ??परीक्षण और आयुष स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के लिए भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) का शुभारंभ शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह और 'आयुर्वेदो अमृतनाम' पर 29वें राष्ट्रीय सेमिनार का भी उद्घाटन किया। इन सहयोगी पहलों की शुभारंभ पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि, ÷आयुष में सहयोगात्मक अनुसंधान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच के अंतर को दूर करता है और स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक सहक्रियात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है÷। उन्होंने कहा, ÷आयुर्वेद हमारी संस्कृति, विरासत और परंपरा का एक हिस्सा है। यह आज भी हमारे दैनिक व्यवहार में अपनाया जा रहा है। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान को बढ़ाना, पारंपरिक आयुष प्रथाओं को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ एकीकृत करना और भारत को समग्र स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों में अग्रणी स्थान पर ले जाना है।÷

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार आयुर्वेद और एलोपैथी दोनों विषयों से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण का पालन कर रही है, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ÷केंद्र सरकार लोगों की जरूरतों के लिए गुणवत्ता-उन्मुख स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है।÷ इस दिशा में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य देखभाल वितरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए समान मानकों के एक सेट के रूप में भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) प्रकाशित किए गए थे। इन सुधारों को अपनाने से, यह उम्मीद की जाती है कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश निर्धारित मानकों और गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के साथ आयुष स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को विकसित करने में सक्षम होंगे, जिससे जनता सभी स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम होगी।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना:**

## सामाजिक रीति-रिवाज से 290 जोड़े बंधे परिणय-सूत्र में




**एजेंसी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रविवार को कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ 290 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर नव-दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने जा रहे वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने विवाहित जोड़ों को 21-21 हजार रूपए का चेक भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अभिभावक और बेटियों की पिता की चिंता दूर हो रही है। आने वाले वर्षो में सामूहिक विवाह को और आगे बढ़ाएंगे जिससे अधिक से अधिक बेटियों की शादी हो सके। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नव विवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि समाज में वैवाहिक खर्च में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बहुत कारगर है। इस योजना का लाभ सामाज के आर्थिक रूप से कमजोर सभी परिवारों को लेना चाहिए। प्रदेश के कई समाज अब सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसमें अनावश्यक खर्च में कमी होती है और माता-पिता पर अतिरिक्त भार भी नहीं आता। इससे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा से वंचित ना करें। क्योंकि बेटियां शिक्षित होती हैं, तो शादी के बाद दो परिवारों को शिक्षित करती है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

SHRIRAM HOUSING FINANCE

**श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**प्रधान कार्यालय:** लेवल -3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी -2 ब्लॉक, बांद्रा कुरिया कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051; **दूरभाष:** 022 4241 0400, 022 4060 3100;
**वेबसाइट:** http://www.shriramhousing.in **पंजीकृत कार्यालय:** कार्यालय संख्या 123, अंगप्पा नायकेन स्ट्रीट, चेन्नई-600 001;
**शाखा कार्यालय:** दूसरी मंजिल, श्याम स्क्वायर, एलआईसी बिल्डिंग के पास, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001

**परिशिष्ठ-IV-A [नियम 8(6) का प्रावधान देखें] अचल सम्पत्तियों की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूमि हित (प्रवर्तन) नियम,2002 के नियम 8(6) के तहत अचल सम्पत्तियों की विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद द्वारा सर्व सामान्य को और विशेष रूप से उधारकर्ता /ओ और गारंटर/ओ को सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्तियाँ को श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेडबंधक /प्रभारित किया गया है, जिसका मौतिक कब्जा श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जिसे **"जो है जहां है", जो है जैसा है" और "वहां जो कुछ भी है"** के आधार पर उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के बकाया राशिकी वसूलीके लिए **ई-नीलामी द्वारा दिनांक 08/04/2024** को बेचा जाएगा। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि,अचलसम्पत्ति का संक्षिप विवरण और उस पर ज्ञात ऋण भार कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा और वृद्धि भी दी गई है :

| उधारकर्ताओं/ सह-उधारकर्ताओं/ गारंटरों/बंधककर्ता के नाम | 13 (2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित राशि (रु.) बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1. श्री सूरज कुमार गुप्ता पुत्र श्री सुरेश कुमार गुप्ता (उधारकर्ता)**<br>**2. श्रीमती विभा गुप्ता पत्नी श्री सूरज कुमार गुप्ता (सह-उधारकर्ता)**<br>**पता: एचआईजी-112, ब्लॉक 6, पहली मंजिल, जैन पब्लिकस्कूल के सामने, हिमालयन हाइट्स, डुमरतराई, रायपुर एच.ओ., रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001**<br>**ऋण खाता संख्या SLPHRAIP0000164**<br>**कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार:** 26/02/2024 भौतिक कब्जा<br>**ऋणभार ज्ञात:** अज्ञात | रु. 14,52,205/- (रूपये चौदह लाख बावन हजार दो सौ पांच मात्र) 10.11.2023 को देय और भावी ब्याज और आकस्मिक खर्च, लागत आदि<br>**मांग सूचना दिनांक:** 16/11/2023 | सभी पार्सल व हिस्सा संपत्ति का प्लॉट नं. 20, वॉलफोर्ट पार्क व्यू, भाग खसरा नं. 93/4 (पुराना), नए खसरा नंबर का हिस्सा 15000/1, पी.एच. नं. 84, आर.आई.सी रायपुर 1, वी.आई.एल.एल दतरेंगा,तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़. माप क्षेत्र 2673 वर्ग.फीट<br>सीमा:<br>**पूर्व:** प्लॉट नंबर 19<br>**पश्चिम:** उद्यान<br>**उत्तर:** सड़क<br>दक्षिण: परिसर बाउंड्रीवॉल | रु. 22,06,000/- (रु.बाईस लाख छः हजार मात्र)<br>**संविदा वृद्धि:** रु. 10,000/- (रु. दस हजार मात्र) तथा इसके गुणक<br>**अग्रिम धन जमा (ईएमओ) (रु.)**<br>रु. 2,20,600/- (रु. दो लाख बीस हजार छः सौ रूपये मात्र)<br>**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 04/04/2024**<br>**समय - प्रातः 10:00 से शाम 5:00** | ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है<br>**बैंक का नाम-** एक्सिस बैंक लिमिटेड<br>**शाखा-** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,मुंबई<br>**बैंक खाता नम्बर- चालू खाता संख्या** 911020045677633<br>आईएफएससी कोड - **UTIB0000230** | 08 अप्रैल 2024<br>**समय:** 12:00 पूर्वा से 02:00 बजे अप. | **कस्टमर केयर नंबर** 022-40081572<br>**श्री रघुवीर सिंह चौहान** +918120000486<br>**श्री अश्फाक पटका** +91 9819415477<br>**संपत्ति निरीक्षण दिनांक:** 03/04/2024<br>**समय:** 11.00 अपराह्न से 4.00 बजे पूर्वाह्न |

**बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट में दिए गए लिंक http://shriramhousing.in/e-auction-Residential को देखें।**

स्थान . रायपुर
दिनांक: 05-03-2024

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# उपमुख्यमंत्री ने किया शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ

### उपमुख्यमंत्री ने भगवान नरनारायण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**जांजगीर-चांपा** / जांजगीर चांपा जिले के माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण में तीन दिवसीय शिवरीनारायण मेला महोत्सव का शुभारंभ आज महंत लाल दास महाविद्यालय स्थित मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने किया। तीन दिवसीय मेला महोत्सव 3 मार्च से 5 मार्च तक आयोजित होगा । उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भगवान नरनारायण मंदिर पहुँच कर भगवान नरनारायण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की । उपमुख्यमंत्री श्री साव ने भगवान नरनारायण , सरस्वती माता ,छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया । उन्होंने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति व सभ्यता बहुत ही गौरवशाली रही हैं। वेद पुराण व प्राचीन काल में छत्तीसगढ़ का उल्लेख मिलता है। छत्तीसगढ़ की धरती धार्मिक, आध्यात्मिक व पौराणिक रूप से समृद्ध रही है इसमें शिवरीनारायण का महत्वपूर्ण स्थान है। शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है यहाँ लगने वाला माघ पूर्णिमा का मेला अपनी विशेषताओं के लिए जाना जाता है।उन्होंने उपस्थित नागरिकों को माघी मेला की शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री नारायण चंदेल ने की । श्री चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा महानदी के तट पर विराजमान है ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी शिवरीनारायण। उन्होंने अपने संबोधन में शिवरीनारायण मेले के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया ।

शिवरीनारायण महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। शिवरीनारायण महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्री अंबेश जांगड़े, राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास, पूर्व विद्यायक श्री खिलावन साहू , श्री गुलाब सिंह चंदेल,श्रीमती कमलेश जांगड़े , श्री संतोष अग्रवाल, श्री गोपाल दास महाराज , श्री संजय अग्रवाल , श्री संतोष लहरे,श्रीमती अंजनी मनोज तिवारी ,श्रीमती प्रीति देवी सिंह,श्री अमर सुल्तानिया, श्री प्रशांत सिंह ठाकुर, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी, आमजन उपस्थित थे।



## राधेश्याम राठिया को लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर राजसभा सांसद कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह ने दि बधाई

**एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 195 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है लिस्ट में पीएम मोदी समेत 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में 29 फरवरी को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए गए थे, जिसकी घोषणा उन्होंने किया जिसमें छत्तीसगढ़ की 11 कि 11 सीटों की घोषणा हुआ जिसमें रायगढ़ लोकसभा से राधेश्याम राठिया को भाजपा से उम्मीदवार बनाये जाने पर नवनिर्वाचित राजसभा सांसद कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी व राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया साथ उन्होंने राधेश्याम राठिया को अपनी बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ जीत कि अग्रिम बधाई भी दिया कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह सिंह ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है इसीलिए आज हर जगह 400 पार का नारा लग रहा लोकसभा में भी मोदी गारंटी चलेगी। उन्होंने कहा कि, मुझे पूरा विश्वास है जिस प्रकार से विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत दर्ज की है, वैसी ही जीत लोकसभा चुनाव में भी जीत मिलेगी और हम प्रदेश की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे 7

## विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा 10 मार्च तक




**राजनांदगांव** सीआरसी राजनांदगांव एवं एनपीपीसीडी कार्यक्रम जिला चिकित्सालय राजनांदगांव द्वारा विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा के तहत 3 से 10 मार्च 2024 तक जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आकलन शिविर व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली में श्रवण बाधित, सुनने में होने वाली समस्या की रोकथाम एवं निदान के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। जरूरतमंदों को एडिप व एलिम्को योजना तहत निःशुल्क कान का मशीन व श्रवण यंत्र एवं मानसिक दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क टीएलएम किट का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

## पार्षद ने किया पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ, बच्चों को पिलाई दो बूंद जिन्दगी की

**जांजगीर-चाम्पा ।** कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्ग निर्देशन पर जिला स्वास्थ्य विभाग महकमें द्वारा प्रारंभ किये गये पोलियो मुक्त सघन टीकाकरण अभियान के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 17 में पार्षद विवेक सिंह सिसोदिया ने अपने वार्ड के आंगनबाड़ी क्रमांक 1 में नन्हें बच्चों को पोलियो की 2 बूंद पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की । 3 मार्च से 5 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत आज वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में स्वास्थ्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानीन के माध्यम से पोलियो की दो बूंद जिन्दगी की खुराक पिलाई गयी । इस दौरान पार्षद सिसोदिया ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को 2 बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलायें ताकि कोई भी बच्चा छूटे ना । पोलियो जैसी भयंकर बिमारी का शिकार व्यक्ति न केवल अपने आपको असहाय महसूस करता है, बल्कि सामान्य जीवन व्यतीत करने से भी वंचित हो जाता है । इसलिए कोई भी बच्चा छूटे ना इसके लिए हम सब मिलकर इस अभियान को सफलता के मुकाम तक पहुंचायें । इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक उमाशंकर राठौर, अधिवक्ता चैतराम कश्यप, गणेश शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राठौर, राजेश राठौर, नरसिम्हा राठौर, श्रवण साहू, श्रीमती नम्रता शर्मा, श्रीमती सुनीता मिश्रा, श्रीमती रेणुका राठौर, श्रीमती टिन्नी शुक्ला, श्रीमती मीता सिसोदिया सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती भगवती पाटले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सारिका राठौर व सुनीता साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।



## औद्योगिक संरक्षा के साथ सड़क सुरक्षा पर ही हमें ध्यान देना होगा : बंजारा

### मड़वा विद्युत संयंत्र में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**जांजगीर** - पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट कार्यशैली को अपनाना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए। वर्तमान समय में हमें औद्योगिक संरक्षा के साथ सड़क सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। यह विचार राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उद्घाटन समारोह में कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने व्यक्त किए।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 04 से 10 मार्च तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा, कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि पॉवर कंपनी सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प एवं संवेदनशील है। बीते वर्ष किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटनाएं नहीं हुई हैं। इसके लिए संरक्षा विभाग का कार्य प्रशंसनीय है। अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) एन. साहा के समन्वय में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को संचालित करते हुए कार्यपालन अभियंता (संरक्षा) नरेंद्र कुमार देवांगन द्वारा संरक्षा पर आधारित चलचित्र के माध्यम से संरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2024 के लिए संरक्षा थीम-' ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें' रखी गई है। ईएसजी (श्वस्त्र) से यहां अर्थ पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन से है। संरक्षा अधिकारी रीना धुरंधर द्वारा पूरे सप्ताह आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई गई। इसमें मॉकड्रिल, सुरक्षा जागरूकता व्याख्यान, सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन, नारा एवं निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी।




## जनदर्शन में कुल 160 आवेदन हुए प्राप्त

**एजेंसी। जांजगीर-चांपा** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आम लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 160 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में जांजगीर के विकासखंड बलौदा के ग्राम बिरगहनी निवासी श्रीमती सीमा कुर्रे द्वारा राशनकार्ड से संबंधित, श्रीमती लीला यादव जमीन नामांतरण करवाने, शिवरीनारायण निवासी श्री राकेश सिंह द्वारा भू-आबंटन कराने, ग्राम चुरतेला निवासी अनन्या रोहिदास द्वारा ट्राई साइकिल दिलाने, जांजगीर के श्री अलगू सिंह चौहान द्वारा इलेक्ट्रिक साइकिल दिलाने, ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच श्रीमती लखे कुमारी राठौर द्वारा अवैध कब्जा हटवाने, ग्राम पंचायत पनोरा निवासी श्री दशरथ निवासी द्वारा वन भूमि का पट्टा दिलाने, जांजगीर निवासी श्री किरण कुमार साहू द्वारा सीमांकन कराने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 160 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।



### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

**प्राथमिकता के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का करें क्रियान्वयन- कलेक्टर**

**नवीन राशन कार्ड वितरण करने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगाया जाएगा शिविर**

**रामलला दर्शन योजना के तहत 11 मार्च को रवाना होगी ट्रेन, आवश्यक तैयारियां करने के दिये निर्देश**



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 06 मार्च को स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने आवश्यक तैयारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों, संगठनों की महिलाएं वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। कलेक्टर ने रामलला दर्शन योजना के तहत 11 मार्च को ट्रेन बिलासपुर से रवाना होगी। इसमें जिला के पात्र हितग्राही भी शामिल होंगे। उन्होंने सभी सीईओ, सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सुशासित ग्राम अभियान के तहत किए जा रहे सर्वे की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत लाभ नागरिकों को देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नवीन राशन कार्ड के वितरण के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रदेश में महतारी वंदन योजना की राशि 7 मार्च को जारी की जाएगी। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे और महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग की जानकारी लेते हुए बचे हुए हितग्राहियों का आधार सीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के संबंध में समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत अब तक बने कार्डों की विकासखंडवार जानकारी लेते हुए शेष हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व से जुड़े आवेदनों का गंभीरता तथा संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों का समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बैठक में, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, जल-जीवन मिशन, अग्निवीर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न अन्य विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, सर्व एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का 7 मार्च को होगा आयोजन

जांजगीर-चांपा 4 मार्च 2024/ कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में 7 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रात: 08 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, रस्साकशी एवं एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर दौड, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद खेलो का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों का पंजीयन फार्म भर कर जमा करना अनिवार्य है। भाग लेने वाले प्रतिभागियों की जानकारी, 06 मार्च तक निर्धारित पंजीयन फार्म के साथ जिले खेल अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग गरियाबंद, जिला- गरियाबंद (छ0ग0)
:- निविदा निरस्तीकरण आदेश -:

आदेश क्रमांक 701 / व.ले.लि./2023-24/गरियाबंद दिनांक 28/02/2024

निविदा क्रमांक 02/व.ले.लि./2021-22 दिनांक 08.07.2021 सिस्टम क्रमांक 79291 प्रथम आमंत्रण इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मैनपुर के अंतर्गत डाबरीगुड़ा जलाशय योजना के शीर्ष कार्य, हेड स्लूस, वेस्ट वियर एवं 01 नग फॉल का निर्माण कार्य तथा मुख्य नहर के आर.डी. 0 से 7800 मी., माईनर क्र. 01 के आर.डी. 0 से 1710 मी., एवं माईनर क्र. 02 के आर.डी. 0 से 1590 मी. , माईनर क्र. 03 के आर.डी. 0 से 2640 मी. एवं माईनर क्र. 04 के आर.डी. 0 से 2340 मी. तक मिट्टी का कार्य एवं 58 नग पक्के संरचनाओं (13 नग व्ही.आर.बी., 28 नग फॉल, 10 नग फॉल कम व्ही.आर.बी., 04 नग एच.आर., 01 नग आर.सी.सी. बैरल, 01 नग एक्वाडक्ट एवं 01 नग ड्रेनेज क्रासिंग) एवं 40 नग आउटलेट का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण की ऑनलाईन निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता हैं।

विज्ञापन क्रमांक 61988/ दिनांक 08.07.2021

G-08277/9

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग गरियाबंद
जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में आयोजित सरस मेला में जिले की पवित्र स्वसहायता समूह को मिला दूसरा पुरस्कार




**कोंडागांव** उत्तर प्रदेश के नोएडा में 16 फरवरी से आयोजित सरस मेला में कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर विकासखण्ड के ग्राम छोटे राजपुर की पवित्र स्व सहायता समूह को हस्तशिल्प के लिए दूसरा पुरस्कार दिया गया। लौह शिल्पकारी का कार्य करने वाली इस समूह ने इस सरस मेले में लगभग 6 लाख रुपए का व्यवसाय भी किया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पुरस्कार के लिए स्वसहायता समूह को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को किया पीपीओ, जीपीओ जारी



**29 फरवरी को 7 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन भुगतान आदेश जारी**

**जांजगीर-चांपा** जिले अंतर्गत 29 फरवरी 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले 07 कर्मचारियों को पीपीओ और जीपीओ की कॉपी कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा प्रदान किया गया। पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कोषालय द्वारा किए जा रहे इस पहल की कलेक्टर द्वारा सराहना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में श्री देव कुमार कश्यप, श्री मनहरण लाल आडिल, श्री नरेन्द्र देव कश्यप, श्रीमती रेणुका कश्यप, श्री रामलाल यादव, श्री परस राम श्रीवास, श्री कृष्ण कुमार अघरिया शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कलेक्टर ने स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शुभकामना दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार पाठक, सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार बरेठ, सहायक कोषालय अधिकारी स्मिता पाण्डेय, कमल कुर्रे, सहायक ग्रेड-01, कोषालय स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### 3100 रूपए समर्थन मूल्य

प्रदेश में महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी महिलाओं को साल के 12 हजार रुपए देने, किसानों को 3100 रूपए समर्थन मूल्य तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए मानक बोरा सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना काल में गरीबों को मुफ्त चांवल भी दिया गया ताकि गरीब भूखे पेट न सोए। इसी तरह प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। इनमें पंजीयन कराने वाले गरीब परिवारों को लोन देकर जीवन स्तर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।



# आस-पड़ोस युवा संसद हुआ कार्यक्रम

बीजापुर संवाददाता।

बीजापुर (वीएनएस)। नेहरू युवा केंद्र दंतेवाड़ा (छग्ग), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑडोटोरियम, बीजापुर में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष आस-पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करना था, जिलमे जिले के विभिन्न विकासखंड के युवाओं को देश के संसद के भांति मॉक पार्लियामेंट में भाग लेने का अवसर दिया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देश के संसद की कार्य प्रणाली को समझना था और उसके साथ अपने जीवन में सुदृढ़ निर्णय लेना भी था। मॉक पार्लियामेंट का विषय जिले में बढ़ती गरीबी था जिसमे पक्ष और विपक्ष के दोनो समूहों ने अपनी बातों को युवाओं के समक्ष रखा। इसके साथ ही कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों द्वारा नारी शक्ति एवं गरीब कल्याण जैसे विषय पर सेशन भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय आस पड़ोस.युवा संसद कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का मुख्यअतिथि राहुल कौशिक महिला एव बाल विकास, पूनम शर्मा एएसआई पुलिस विभाग, शीला भारद्वाज सखी संस्था, शालिनी सिंग, सुनीता तामडी, पुष्पा बंजारे, लेखिका साहू यूनिसेफ उषा कोर, लता, मालती उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया सामूहिक नृत्य एवं युवा संसद में भाग लिए प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन तेजेश्वर पाणिग्रही के द्वारा किया गया, सुनील सेठिया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य व जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें : सांसद



**कोरबा** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद महंत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। जिले में युवा एवं ऊर्जावान अधिकारियों की टीम मौजूद है, जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। सांसद महंत ने दूरस्थ इलाकों में पोस्टमार्टम (शव परीक्षण) केंद्र, मर्च्युरी, एंबुलेंस का संचालन करने, स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित रूप से देने के निर्देश दिए। हर घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सांसद महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग, नगर पालिक निगम अंतर्गत संचालित आवास एवं पेयजल तथा स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, जिला पंचायत सदस्य गणराज सिंह कंवर, गोदावरी प्रमोद राठौर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।



# देश के विकास में श्रमिकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता : मंत्री लखनलाल

### श्रम मंत्री देवांगन ने बाल्को में किया शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का शुभारंभ

कोरबा श्रम, उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज कोरबा जिले के बाल्को में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 05 रुपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी श्रमिकों को भोजन परोसने के साथ भोजन किए और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में भोजन अवश्य करें।

श्रम मंत्री ने इस पहल को गरीब श्रमिकों के लिए लाभदायक बताते हुए श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिवार के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिकों ने सड़क, पुल-पुलिया, महल सहित अन्य बड़े-बड़े कार्य किए हैं। उद्योग मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिले। दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। श्रम मंत्री ने बताया कि उन्होंने भी गरीबी को बहुत ही करीब से देखा है। इसलिए वे श्रमिकों की आवश्यकताओं को भलीभांति जान और समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 21 स्थानों पर दाल-भात केंद्र प्रारंभ है। अन्य 22 स्थानों पर भी इसका संचालन किया जाएगा। कोरबा जिले में तीन स्थानों पर दाल-भात केंद्र का संचालन होगा। मंत्री देवांगन ने कहा कि बहुत से श्रमिक भाई कार्य की वजह से हड़बड़ी में घर से खाना खाकर नहीं आ पाते। ऐसे में दाल-भात केंद्र के माध्यम से कम कीमत पर भोजन उनके लिए लाभदायक साबित होगा।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



### 15 मार्च तक राशन कार्ड का नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बटांकन, मजदूरी भुगतान, राशन कार्ड, मुआवजा, वन अधिकार, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।

# नपं अधिकारी के खिलाफशिवसेना ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन


**रायपुर, (आरएनएस)।** बिलाईगढ़ (वीएस)। शिवसेना के पदाधिकारियों ने रविवार को रैली निकाल कर नगर पंचायत अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल नारेबाजी की और नगर पंचायत अधिकारी का पुतला दहन करने की कोशिश की। पुतला दहन नाकाम होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। दरसल नगर पंचायत द्वारा नगर में किये गये विभिन्न कार्यों की जाँच की माँग को लेकर शिकायत की गई थी। लेकिन उस पर नगर पंचायत द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं कि गई। जिसके विरोध में शिवसेना के पदाधिकारियों ने रविवार को रैली निकालकर नगर पंचायत अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाये। वहीं प्रदर्शन के दौरान नगर पंचायत के अधिकारी भी अपनी टीम के साथ शिवसेना के प्रदर्शन के बीच आ गई और फोटो खिंचवाने की बात कहती हुई अपनी टीम को बुला लिया, फिर खुद हरहर महादेव की नारें लगाने लगी। जिसके बाद शिवसेना के पदाधिकारियों में आक्रोश और बढ़ गया फिर नारेबाजी करने लगे। गनीमत रही कि दोंनो पक्षों के बीच वाद-विवाद नहीं हुआ। जिम्मेदार अधिकारी द्वारा किये गये इस कार्य को शिवसेना ने गलत बताया और इसकी शिकायत करने की बात कहीं। महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योती सिंग व जिलाध्यक्ष गगन वैष्णव की मानें तो नगर पंचायत के शासकीय भूमि डबरी तालाब एवं गांजी हॉउस को बेच दिया गया और नगर में भ्रष्टाचार किया गया हैं जिसकी जाँच करने की मांग की गई है। फिर आगे थाना प्रभारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**आस्था** | भगवान शंकर के भक्तों का लगे रहेगा तांता

# महाशिवरात्रि पर चंद्रशेखर स्वरूप में होगा बाबा बुढ़ेश्वर नाथ का विवाह

**एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सबसे प्राचीन और विशाल शिवालय बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में बाबा बुढ़ेश्वरनाथ चंद्रशेखर स्वरूप धारण कर विवाह रचाएंगे। इसे हेतु पूरे मंदिर को भव्य वैवाहिक स्थल के रूप में मंडप का स्वरूप दिया जा रहा है। इसके लिए तैयारियां जोर-जोर से प्रारंभ हो गई है।

रायपुर पुष्टिकर समाज के मुख्य ट्रस्टी चंद्र प्रकाश व्यास ने बताया कि बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर लगभग 400 वर्ष प्राचीन है और यहां पर स्वयंभू शिवलिंग है जिसके दर्शन मात्र से ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। इसका संचालन प्राचीन काल से रायपुर पुष्टिकर समाज द्वारा किया जा रहा है उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारी मंदिर परिसर में जोरों से चल रही है पूरे शिवालय को एक वैवाहिक मंडप का स्वरूप दिया जा रहा है जिसमें भगवान भोलेनाथ की बारात का दृश्य मंदिर के बाहर स्थल में देखने को मिलेगा वहीं मंदिर के गर्भ गृह को वैवाहिक वेदी का स्वरूप दिया जा रहा है जहां पर भगवान शिव पार्वती फेरे

लेते हुए नजर आएंगे और सभी देवता गण उन पर पुष्प वर्षा करते हुए दिखेंगे। प्रबंधक ट्रस्टी श्रीमती विजयलक्ष्मी बोहरा ने बताया कि महाशिवरात्रि के आयोजन के लिए समाज के युवाओं की पूरी टीम पिछले 10 दिनों से सक्रिय है। 8 मार्च महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 4:45 बजे भस्म आरती पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तत्पश्चात प्रातः 7:00 बजे से आम भक्तगण जलाभिषेक कर सकेंगे उसके बाद दोपहर 12:00 बजे भगवान भोलेनाथ को राजभोग अर्पित किया जाएगा उसके बाद शाम 4:00 बजे से भगवान भोलेनाथ के चंद्रशेखर स्वरूप के दर्शन प्रारंभ होंगे जो देर रात्रि तक चलेंगे उसके पश्चात रात्रि 12:00 बजे से महानिशा पूजा का आयोजन भी किया गया है।

### क्या है भगवान भोलेनाथ का चंद्रशेखर स्वरूप

भगवान शिव के विवाह का प्रसंग है। पार्वती की माता मैना के भीतर अहंकार था। भगवान शिव इस अहंकार को नष्ट करना चाहते हैं इसलिए उन्होंने भगवान विष्णु और ब्रह्माजी से कहा- आप दोनों मेरी आज्ञा से अलग-अलग गिरिराज के द्वार पर पहुंचिए। शिवजी की आज्ञा मानकर भगवान विष्णु सबसे पहले हिमवान के द्वार पर पधारे। मैना (पार्वतीजी की माता) ने शुभ आरती सजाई और उनके साथ की स्त्रियां उत्तम मंगलगीत गाने लगीं। सुंदर हाथों में सोने की थाल शोभित है, इस प्रकार मैना हर्ष के साथ शिवजी का परछन करने चलीं। जब मैना ने विष्णु के अलौकिक रूप को देखा तो प्रसन्न होकर नारद जी से पूछा है- क्या ये ही मेरी शिवा के शिव हैं?

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित हुआ एक्सपोजर विजिट

**मोहला ।** समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा अंतर्गत मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के दिव्यांग बच्चों को एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसमें जिले के बच्चों को जामड़ीपाट, पाटेश्वर धाम जिला बालोद का भ्रमण कराया गया। दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत इस एक्सपोजर विजिट का आयोजन हुआ।

जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन में नोडल श्री राजेंद्र कुमार देवांगन ने जिले के 48 दिव्यांग बच्चों को जामड़ीपाट, पाटेश्वर धाम का भ्रमण करवाया गया। एक्सपोजर विजिट के बाद दिव्यांग बच्चों में काफी आत्मविश्वास और उत्साह देखा गया। विजिट के दौरान बच्चों को कॉपी, कलर पेन एवं फाइल भी वितरित किया गया। कुछ दिन पूर्व ही दिव्यांग बच्चों का स्पोर्ट इवेंट भी मोहला में आयोजित हुआ था। एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में बीआरपी श्री युगल किशोर ध्रुव, संध्या उपाध्याय, उषा साहू, शिक्षक प्रमोद खन्ना, भारत लाल भोपले, लीलाधर कोलियारे, पायल दिल्लीवार, कुमार लाल पुरामे आदि का विशेष सहयोग रहा।

### बैंक आफिसर्स ने की रामनवमीं पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** 17 अप्रैल को रामनवमीं के पावन अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए ऑल इंडिया बैंक आफिसर्स कॉन्फिडेरेशन छत्तीसगढ़ शाखा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम ने दण्डकारण्यमें अधिकांश समय बीताया था। इसीलिए रामनवमीं पर्व राज्य का एक प्रमुख पर्व है औरर यहां की जनता बड़े हर्षोल्लास के साथ इसे मनाती है। देश के 20 राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में अपने विशेश अधिकार का उपयोग कर एनआई एक्ट के तहत अने राज्यों में पहले ही अवकाश घोषित किया है। अतः 17 अप्रैल को रामनवमीं के अवसर पर निगेशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के तहत छत्तीसगढ़ में भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

### स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में शामिल होने दीपक बैज दिल्ली रवाना

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। इससे पहले मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में स्क्रेनिंग कमेटी की बैठक है, इस बैठक में 11 लोकसभा से प्रत्याशियों के नाम को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही लोकसभा चुनाव के आगामी रणनीति तैयार की जाएगी. नामों की घोषणा को लेकर बैज ने कहा कि इंतजार हमें भी है। जल्द से जल्द बैठक हो जाएगी. बैठक के बाद लगभग नाम हमारे तैयार हो जाएंगे और लिस्ट आ जाएगी. वहीं संयुक्त मोर्चा की बैठक को लेकर दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपना काम कर रही।

हम लोग अपना काम कर रहे हैं. लेकिन सीधा-सीधा है, आगामी लोकसभा को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जिस प्रकार से देश में एंटी इंकम्बेंसी चल रही है उससे बीजेपी पूरी तरीके से डरी हुई है. जिस तरीके से छत्तीसगढ़ में 3 महीने की सरकार ने माहौल बनाया है उससे प्रदेश अपराध का गढ़ बन गया है. किसानों को ठगने का काम माता बहनों को ठगने का काम, युवाओं को ठगने का काम हो रहा है. इसका फायदा कहीं ना कहीं कोंग्रेस को मिलेगा।

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** धरमनगर टिकरापारा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर लोहे के स्टीक से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार साहू 34 वर्ष धरमनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी साहिल यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।




## प्रत्याशियों के बीच भेदभाव और पक्षपात ना हो : स्वाभिमान मंच

**दुर्ग,(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. राजकुमार गुप्त ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर भारत निर्वाचन आयोग पर प्रत्याशियों के साथ भेदभाव और पक्षपात करने की शिकायत किया है और चुनाव को निष्पक्ष बनाने और सभी प्रत्याशियों को जीतने के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए चुनाव सुधार करने में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। एड. राजकुमार गुप्त ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में 2019 के लोकसभा चुनाव में पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच की ओर से अभ्यर्थी होने के अपने अनुभव से अवगत कराया है और कहा है संविधान के प्रावधान के अनुसार चुनाव में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों से निष्पक्ष और समान व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि सभी को चुनाव जीतने के लिए समान अवसर मिले किंतु भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे नियम और व्यवस्था बनाए हैं जिसके कारण सिर्फ राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रत्याशी को ही सफलता मिलती है पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के सफल होने की संभावना लगभग क्षीण है।मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट को लिखे पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए चुनाव चिंह आरक्षित किया गया है। जिसका अनुचित लाभ उठाया जाता है और पूरे साल भर इसका प्रचार किया जाता है जिसका लाभ चुनाव में इन दलों के अधिकृत प्रत्याशी को प्राप्त होता है। जबकि पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के और स्वतंत्र प्रत्याशियों को चुनाव के समय मतदान की तिथि से लगभग 14 दिन पहले चुनाव चिंह का आबंटन किया जाता है जिसे छपाकर मतदाताओं तक पहुंचाना लगभग असम्भव है ऐसा भारत निर्वाचन आयोग के 1968 के चुनाव चिह्न के आरक्षण और आबंटन आदेश के कारण हुआ है।

# राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है - शंकराचार्य सदानंद



**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार राजिम कुम्भ कल्प का भव्य आयोजन हो रहा है। कुम्भ में विभिन्न प्रदेशों से साधुसंतों एवं श्रद्धालुओं का आगमन हुआ है। इसी कड़ी में आज राजिम कुंभ कल्प मेला में विराट संत समागम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज राजिम पहुंचे। मुख्य मंच पर दोनों शंकराचार्यों का खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी श्री दयाल दास बघेल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजिम विधायक रोहित साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधि विधान से चरण वंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में दोनों शंकराचार्य एवं अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया।

**'राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है - श्री सदानंद महाराज** - द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि परमात्मा के पद प्राणी को पवित्र करती है। मार्ग में जो प्राणों की रक्षा करें वो पार्थाय है। जो राम नाम का जाप करते हैं। उनके पार्थ राम है। प्राणी मात्र में एक विश्राम का नाम राम है। धर्म रूपी कल्पवृक्ष का बीज राम नाम है। राम ने मनुष्य बनकर वो दिखाया, जो मनुष्य को करना चाहिए। कैसे धर्म का पालन किया जाता है। हमारे वेदों का ज्ञान संतों से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है। ऐसे आयोजनों से संस्कृति की रक्षा होती है। धर्म की रक्षा करनी है तो धर्म का पालन करें। धर्म की स्वयं रक्षा हो जाएगी। धर्म मार्ग पर चलने की शिक्षा हमें कुंभ से मिलती है। मनुष्य में असीमित क्षमता है, उसे उसका भरपूर उपयोग करना चाहिए। सृष्टि का अपादान कारक क्या है इसे मनुष्य ही जान सकता है। धर्म की बुद्धि परमात्मा ने मनुष्य को दी है। धर्म-अधर्म और विधर्म को समझें।

धर्माचार्यों के सम्मान की सोच वाली सरकार ही राजिम कुंभ जैसे आयोजन करते है - श्री अविमुक्तेश्वरानंद

बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि हमारे वेद प्रमाणित है। वेदों में लिखा है। क्या करना है, क्या नहीं करना है। प्रदेश की व्यवस्था राजा और पुलिस कर सकती है, फिर भी संत समागम की आवश्यकता क्यों पड़ती है ताकि संतों की वाणी से लोगों के सदा चारों व्यवहार के शिक्षा की रक्षा की जा सकें। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोग धर्माचारियों के उपदेश से नियंत्रित होते हैं। समझदार सरकार धर्माचार्यों से अमृत लेकर बांटते हैं। धर्माचार्यों का सम्मान करने की ऐसी सोच वाली सरकार ही राजिम कुंभ जैसे आयोजन करते है। समझदार सरकार अपनी जनता को ज्ञान का अमृत से लाभान्वित करने ऐसे आयोजन करती है। ये कुंभ कल्प इसी का उदाहरण है। राजिम महानदी का संगम, आचार्य का समागम, अध्यात्मिक लाभ से पवित्र स्थल बन चुका है।

# होगा बीटी रोड निर्माण, 04 वार्डो में उद्यानों का होगा निर्माण, जीर्णोद्धार..

कोरबा । सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि कोरबा एक औद्योगिक नगर है, यहॉ प्रदूषण की समस्या है, प्रदूषण की समस्या से निपटने प्रत्येक वार्ड में उद्यानों का निर्माण हो रहा है, इन उद्यानों का रखरखाव भी आवश्यक है, उन्होने कहा कि कोरबा के चहुंमुखी विकास में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का पूरा आशीर्वाद मिलेगा, यह सुनिश्चित है। इस अवसर पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि केबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य होंगे, लोगों की समस्याएं सर्वप्राथमिकता के साथ दूर की जाएंगी, यह सुनिश्चित है। पार्षद श्री अनुज जायसवाल ने कहा कि कटहल गार्डन कबाड के डम्पिंग यार्ड के रूप में है, अब उसका जीर्णोद्धार होगा, सुंदर गार्डन बनेगा, मैं इसके लिए उद्योग मंत्री जी को धन्यवाद देता हूॅं। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद प्रतिभा शर्मा, अनुज जायसवाल, चन्द्रलोक सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफूल्ल तिवारी, पूर्व पार्षद राधेलाल यादव, नरेन्द्र पाटनवार, निखिल शर्मा, आलोक डागा, छन्नू सिंह, मनमोहन जैन, कार्यपालन अभियंता एम.एन.सरकार, राहुल मिश्रा, बी.एल.राठौर, विजय राखोंडे, रामू पाण्डेय आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।




उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के 02 करोड 62 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में किया। इन कार्यो में वार्ड क्र. 18 एवं 29 में बीटी रोड का निर्माण कार्य तथा वार्ड क्र. 28, 16, 33, 22 में उद्यानों का जीर्णोद्धार व विकास कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेन्द्र देवांगन, प्रतिभा शर्मा तथा अनुज जायसवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एन.सी.ए.पी. मद अंतर्गत वार्ड क्र. 28 अंतर्गत आर.पी.नगर फेस-01 दशहरा मैदान के समीप 35 लाख 21 हजार रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 16 कोहड़िया जलउपचार संयंत्र के सामने 45 लाख 90 हजार रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 33 रामपुर में 17 लाख 23 हजार रूपये की लागत से उद्यान का विकास कार्य, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत 47 लाख 51 हजार रूपये की लागत से कटहल गार्डन का सौदंर्यीकरण व विकास कार्य तथा बरबसपुर डम्पिंग यार्ड में 25 लाख रूपये की लागत से फेंसिंग सहित वृक्षारोपण आदि कार्य किया जाएगा।

इसी प्रकार 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 27 लाख 22 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 18 पानी टंकी से दारू दुकान तक बीटी रोड का निर्माण तथा 14वें वित्त आयोग अंतर्गत 64 लाख 25 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 29 कोसाबाड़ी में पोड़ीबहार में बीटी रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## सरपंच सचिव की मनमौजी से ग्राम वासी परेशान

**खड़गवां ।** पंचायतों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के तमाम किस्से कोई नई बात नहीं, जहां ग्राम विकास के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से गांव के बदहाली की तस्वीर बदलने और ग्रामवासियों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास करती हैं, मगर सवाल यह उठता है कि क्या सच में शासन प्रशासन का गांव के विकास पर ध्यान देती है? ऐसे सैंकड़ों गांव हैं जहां के जनता प्रतिनिधि एवं ग्राम सचिव की लापरवाही से ग्राम वासियों में उदासीनता छाई रहती है, सचिवालय का चक्कर पे चक्कर लगाते गांव के ग्रामीणों में कहीं नाराज़गी तो कहीं उदासीनता देखी जाती है, मगर इससे ना तो पंचायत के सरपंच को लेना देना रहता है ना ही सचिव को। कुछ ऐसा ही हाल जनपद पंचायत खड़गवां के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोडांगी का है, जहां अक्सर देखा जाता है कि पंचायत भवन में ताला लटकते रहता है और जब कभी पंचायत भवन के भाग्य में कभी दरवाजे का खुलना भी हुआ तो वहां ना ही रोजगार सहायक ना ही सचिव ना सरपंच ना ही डाटा ऑपरेटर और तो और वहां ना कोई गार्ड नज़र आता है, जिसके पीछे की सच्चाई कहीं यूं तो नहीं कि वहां के सरपंच के निजी निवास से लगे हुए पंचायत भवन पर वहां के ज़िम्मेदार जनता प्रतिनिधि अपने निजी निवास से ही उस पर नज़र फेरते होंगे जिससे कि ज़रूरत ही नहीं वहां के लोगों को पंचायत कार्यालय जाने की, कार्यालय से लगा हुआ घर सरपंच का है जहां पर मुलाकात तो वहीं हो जाती होगी? मगर सवाल यह उठता है कि कार्यालय से लगा हुआ घर सरपंच का है मगर कार्यालय में तो सचिव समेत वहां कार्यरत अन्य कर्मचारियों को तो वहां मौजूद रहने और ग्रामीणों को सेवा देने की तनख्वाह सरकार से मिलती है, तब क्या वहां के कर्मचारियों से भी ग्रामीणों की मुलाकात सरपंच के निवास में होगी, कार्यालय में नहीं?

ग्राम पंचायत कोडांगी जहां के सरपंच के सुपुत्र का कहना है कि वे खुद वहां पदस्थ सचिव से त्रस्त हैं, जब जनता प्रतिनिधि ही वहां की सचिव से हताश निराश एवं त्रस्त हैं तब भला वहां के ग्रामीणों का क्या हाल होगा? सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कोड़ांगी में सरपंच और सचिव के मनमौजी रवैया से वहां के ग्रामीणों में भारी निराशा है, पंचायत कार्यालय का चक्कर लगाते ग्रामीण सचिव को देखने को तरसते भटकते अपने काम को करवाने के लिए आए दिन वहां घंटों इंतज़ार करते हैं मगर सचिव हैं कि करती वही हैं जो उन्हें भाता है।

## बावन परियों के आशिक पुलिस गिरफ्त में

**मनेंद्रगढ़** कल रात पुलिस ने दो अलग अलग फड़ में जुआ खेलते नौ जुआरियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रति. अधि.2022 की धारा 03 के तहत कार्यवाही किया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल रात्रि लगभग 11 बजे मुखबिर से सूचना मिला कि लालपुर रोड में स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे है।मुखबिर के बताए स्थान पर पुलिस पहुंची तो जुआ फड़ से कुछ लोग पुलिस को देख भाग गए पुलिस ने जुआ खेलते पांच जुआरियों को पकड़ा गया।पुलिस ने फड़ से 4300 रुपए ताश पत्ती जप्त कर सभी जुआरियों को थाना लाया गया जिसके बाद आरोपियों से पूछताछ किया गया पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आशीष मिंज आ. फीली मोन मिंज निवासी मनी मोहल्ला,आशीष गुप्ता आ. स्व.लल्ला प्रसाद गुप्ता निवासी स्टेशन रोड,नितिन ऊर्फनीरज सोनी आ.कन्हैया सोनी निवासी स्टेशन रोड,तौकीर अंसारी आ.इकबाल निवासी मस्जिद मोहल्ला,आलोक कुमार आ. स्व. नर्मद प्रसाद केवट निवासी बस स्टैंड मनेंद्रगढ़ पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रति. अधि.2022 की धारा 03 के तहत कार्यवाही किया गया।कुछ देर बाद पुलिस को पुनः मुखबिर से सूचना मिला कि सरोवर मार्ग तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है।मुखबिर के बताए स्थान पर पुलिस ने जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पकड़कर थाना लाया गया फड़ से पुलिस ने 3400 रुपए तास पत्ती जप्त किया गया।

बैठक

### जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से करें लाभान्वित - प्रभारी मंत्री

# जिले के प्रभारी मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

**गरियाबंद।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज राजिम के रेस्ट हाउस में केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी शासन के मंशानुरूप कार्य करे। शासन द्वारा सभी वर्गो के हित के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। इसका लाभ पात्र लोगों को अनिवार्य रूप से मिल सके। इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू, कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, वनमण्डलाधिकारी श्री मणिवासगन एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल ने सर्वप्रथम जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने जिले के भौगोलिक स्थितियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मंत्री श्री बघेल ने समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी मार्गदर्शन एवं निर्देश दिये हैं। खाद्य विभाग के समीक्षा में उन्होंने कहा कि सभी पहुंचविहीन केन्द्रों में खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित हो। सभी पात्र हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड नवीनीकरण कराने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिलाने, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जन केन्द्र से धान उठाव एवं जमा करने की जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव 87 प्रतिशत हो चुका है। अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, जल जीवन मिशन के तहत प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी गांवो के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थलों के ठेकेदारों द्वारा सही तरीके से निर्माण कार्य नहीं किये जा रहे ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे। मंत्री श्री बघेल ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग द्वारा बजट में स्वीकृत कार्यो की जानकारी लेते हुए उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देष दिये। इसके अलावा मनरेगा, जॉब कार्ड, भुगतान की स्थिति, ऑगनबाड़ी भवन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक लिंकेज, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिषन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागीय कार्यो की जानकारी ली। वन विभाग के समीक्षा के दौरान वनमण्डाधिकारी ने बताया कि राज्य कैम्पा मद से 21 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जायेगा। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत जिले के 687 किसानों द्वारा 58 लाख से अधिक पौधे का रोपण किया गया है।



वनधन योजना के क्रियान्वयन के लिए 216 ग्राम स्तर एवं 28 हॉट बाजार स्तर पर लघु वनोपज का कार्य किया जा रहा है। वनोपज के प्राथमिक प्रसंस्करण अंतर्गत 04 वन धन विकास केन्द्र की स्थापना देवभोग, मैनपुर, गरियाबंद एवं छुरा में किया गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)